श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 284, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 10 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## आज हिमाचल विकास के जिस पड़ाव पर है, वहां उसे स्थिर और मजबूत सरकार की जरूरत

# कांग्रेस कभी स्थिर सरकार नहीं दे सकती: मोदी



**कांगड़ा/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन वाली स्थिर सरकार की जरूरत है। कांग्रेस को अस्थिरता, भ्रष्टाचार और घोटाले का पर्याय बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी हिमाचल को स्थिर सरकार नहीं दे सकती है। कांगड़ा के चंबी में भाजपा की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हिमाचल 21वीं सदी में विकास के जिस पड़ाव पर है, वहां उसे स्थिर और मजबूत सरकार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब हिमचाल के पास मजबूत सरकार होगी और डबल इंजन की ताकत होगी, तो चुनौतियों को भी दूर करेगा और नई ऊंचाई भी उतनी ही तेजी से प्राप्त करेगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा के घोषणा पत्र की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल भाजपा के 11 शुभ संकल्प यहां के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम ऐसी राजनीतिक परंपरा बनाना चाहते हैं कि



हम सरकार में ऐसा काम करें कि मतदाता हमें बार-बार मौका दें। इसलिए हम विकास के लिए और देश के लिए हर जगह, हर स्तर पर काम कर रहे हैं। पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज बदलने की बात दोहराते हुए मोदी ने कहा कि इस बार उत्तराखंड के लोगों ने भी पुरानी परंपरा को बदलते हुए भाजपा को जिताया। उत्तर प्रदेश में भी 40 साल बाद ऐसा हुआ है जब कोई पार्टी फिर से जीतकर पूर्ण बहुमत के साथ लगातार दूसरी बार सरकार में आई है। मणिपुर में भी भाजपा की सरकार फिर से आई है। कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस यानि, अस्थिरता की गारंटी। कांग्रेस यानि, भ्रष्टाचार, घोटाले की गारंटी। कांग्रेस यानि, विकास कार्यों में रोड़े अटकाने की गारंटी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार ने अपने शासन काल में केवल 15 घर बनाए।

### 'सामाजिक सुरक्षा के लिए केंद्र तत्पर'

**पीएम** ने कहा कि उन्होंने कहा कि सबको सामाजिक सुरक्षा मिले, इसके लिए केंद्र सरकार ने पेंशन और बीमा की योजना शुरू की। हमने किसानों को, मजदूरों को, छोटे दुकानदारों को 3 हजार रुपए नियमित पेंशन मिलने का रास्ता बनाया। इस भावना को हिमाचल की भाजपा सरकार ने और आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाला समय 5जी का है। इससे यहां के नौजवानों और जनता के जीवन का कायाकल्प होगा। इससे दूर-दराज के स्कूलों में भी पढ़ाई, शहरों जैसी हो जाएगी।

### 'डबल इंजन सरकार ने 8000 घर गरीब परिवारों के लिए बनाए'

**भाजपा** की डबल इंजन सरकार ने 8000 घर गरीब परिवारों के लिए बनाए। आज भाजपा की पहचान सुशासन और गरीबों के लिए कल्याणकारी नीतियों से है। भाजपा जो कहती है उसके लिए अपनी पूरी ताकत लगा देती है। मोदी ने कहा, कांग्रेस कभी हिमाचल को स्थिर सरकार नहीं दे सकती है और न ही वो चाहते हैं, आज कांग्रेस की गिन कर दो ही सरकारें बची हैं, एक राजस्थान और एक छत्तीसगढ़ में। यहां से कभी भी विकास की खबरें नहीं आती हैं। इन दोनों जगहों से खबरें सिर्फ झगड़े की ही रहती हैं। अगर यही चलता रहा तो राज्य का विकास कैसे हो सकता है? केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार को जनता के हित में बताते हुए मोदी ने कहा कि केंद्र की सरकार ने उज्ज्वला योजना चलाई, हिमाचल की भाजपा सरकार ने गृहिणी योजना चलाकर इसमें और लोगों को जोड़ दिया। केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना चलाई, हिमाचल की भाजपा सरकार ने हिमकेयर योजना से और लोगों को इसमें जोड़ दिया। इस तरह से डबल इंजन सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पेंशन की उम्र 80 साल कर दी और साथ में कमाई की शर्त रखी। भाजपा सरकार ने पेंशन की उम्र को घटाकर 60 साल कर दी और कमाई की शर्त को भी हटा दिया। इससे लाखों वरिष्ठ नागरिकों को फायदा हुआ।

# जस्टिस चंद्रचूड़ ने सीजेआई के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने बुधवार सुबह राष्ट्रपति भवन में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को देश के नए चीफ जस्टिस (सीजेआई) के रूप में शपथ दिलाई। जस्टिस चंद्रचूड़ ने देश के 50वें सीजेआई के रूप में शपथ ली। सीजेआई चंद्रचूड़ का कार्यकाल दो साल से ज्यादा अवधि का होगा।

वो 10 नवंबर, 2024 को रिटायर होंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से इकोनॉमिक्स से बीए ऑनर्स करने के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से एलएलबी किया। इसके बाद



एलएलएम करने हार्वर्ड लॉ स्कूल चले गए। वो कई विदेशी यूनिवर्सिटी और लॉ कॉलेजों में व्याख्यान दे चुके हैं। वो अमेरिका के ओकलाहामा युनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ और मुंबई यूनिवर्सिटी में कंपरेटिव कांस्टीट्यूशनल लॉ में विजिटिंग प्रोफेसर रह चुके हैं।

# नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ

**लंदनः** इसी वर्ष फरवरी में ब्रिटेन की वेस्टमिन्सटर अदालत में नीरव के प्रत्यर्पण पर आखिरी सुनवाई हुई थी। वेस्टमिन्सटर अदालत ने नीरव को भारत भेजने की मंजूरी दे दी थी। इसके बाद 15 अप्रैल को ब्रिटेन की तत्कालीन गृह सचिव प्रीति पटेल ने नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का आदेश जारी कर दिया था। इसके बाद नीरव मोदी की ओर से हाई कोर्ट में अपील की गयी थी। अब ब्रिटेन के हाई कोर्ट ने नीरव मोदी की अपील खारिज कर दी है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि नीरव मोदी




का प्रत्यर्पण किसी भी नजरिये से अन्यायपूर्ण या दमनकारी नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक से ऋण लेकर 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाखड़ी करने का आरोप है। घोटाला सामने आने के बाद वर्ष 2018 में वह देश छोड़कर फरार हो गया था।

# भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना रूस

**नई दिल्लीः** भारत को कच्चा तेल सप्लाई करने के मामले में रूस ने इराक और सऊदी अरब को पीछे छोड़ दिया है। एनर्जी कार्गो ट्रैकर वोर्टेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने अक्टूबर में भारत को रोजाना 9 लाख 35 हजार 556 बैरल कच्चे तेल की सप्लाई की है।

यह बढ़त यूक्रेन युद्ध के कारण में मॉस्को पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बाद हुई है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि भारत को इराक 20.5% और सऊदी अरब 16% यानी कुल 36.5% कच्चा तेल सप्लाई किया है। भारत ने जहां रूस से सबसे ज्यादा तेल




मंगाया है, वहीं पाकिस्तान अब भी रूस से डिस्काउंट की मांग पर अटका हुआ है यूएई के प्रवक्ता ने बताया, अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया है। उम्मीद है कि ये देश अपनी परिस्थितियों के आधार पर सही डिसीजन लेंगे। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की ताकत को कम करने के लिए हम भारत समेत यूरोपीय देशों के साथ बातचीत करते रहेंगे।

# सपा नेता आजम को राहत, सजा पर लगी रोक

**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट ने भड़काऊ भाषण मामले में आजम खान को सेशन कोर्ट से मिली तीन साल की सजा पर अंतरिम रोक लगाकर अपने दोष पर रोक हासिल करने के लिए एक दिन का मौका दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने रामपुर के सेशंस जज को निर्देश दिया कि वो कल यानि 10 नवंबर को ही आजम खान का आवेदन सुनकर फैसला लें। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से कहा कि अगर आजम खान के पक्ष में फैसला नहीं आता, तो वह 11 नवंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी कर सकता है। सात नवंबर को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यूपी सरकार की ओर से पेश वकील गरिमा प्रसाद से राज्य सरकार का निर्देश लेकर आने को कहा था।

कोर्ट ने गरिमा प्रसाद से कहा था कि आप आजम खान को सांस तो लेने का समय दीजिए, जल्दबाजी क्या है। इस पर गरिमा प्रसाद ने एक फैसले का जिक्र किया था तब कोर्ट ने कहा कि कम से कम कोर्ट जाने के लिए पर्याप्त समय तो मिलना ही चाहिए। वो दोषी करार दिए जाते हैं और अगले ही दिन सीट खाली घोषित कर दी जाती है।

# आतंकवाद से लड़ने में सेना की भूमिका सराहनीयः राजनाथ

**नई दिल्लीः रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में चल रही आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत की। उन्हें सेना के शीर्ष नेतृत्व ने मौजूदा उभरती सुरक्षा और प्रशासनिक चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने देश के सबसे भरोसेमंद संगठनों में से एक भारतीय सेना के प्रति देश के नागरिकों के विश्वास को दोहराया। उन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा जरूरत पड़ने पर नागरिक प्रशासन को सहायता देने में सेना की भूमिकाओं को सराहा। सेना के कमांडर राष्ट्र की सुरक्षा चुनौतियों



पर चर्चा करने के लिए 06 नवम्बर से नई दिल्ली में इकठ्ठा हुए हैं। इस दौरान भारतीय सेना का शीर्ष नेतृत्व मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य और वर्तमान सुरक्षा तंत्र के लिए चुनौतियों के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श कर रहा है। इसी आधार पर भारतीय सेना के लिए भविष्य की रूपरेखा तय की जानी है। इसके अलावा सम्मेलन में संगठनात्मक पुनर्गठन, रसद, प्रशासन, मानव संसाधन प्रबंधन, स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को शामिल करने से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में सम्मेलन के तीसरे दिन आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत की।

उन्हें भारतीय सेना की भविष्य के लिए जरूरतों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने देश के सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठनों में से एक भारतीय सेना के प्रति नागरिकों के विश्वास को दोहराया।

# 50% से बढ़े आरक्षणः सीएम नीतीश

**पटनाः** देश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिलने वाले 10% आरक्षण पर बीते दिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां कोर्ट ने आदेश दिया की देश में सवर्णों को भी मिलने वाला 10% आरक्षण जारी रहेगा। इस फैसले के बाद सीएम नीतीश कुमार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस को 10% का आरक्षण तो ठीक है, लेकिन बिहार में अगर एक बार जाति आधारित जनगणना हो जाती तो आरक्षण की सीमा 50% तक बढ़ाया जा सकेगा। जिससे आबादी के आधार पर



लोगों को मदद दी जा सकेगी। उन्होंने आगे कहा कि जातीय जनगणना बिहार में करवा रहे हैं। लेकिन यह देश भर में होना चाहिए, ताकि 50% आरक्षण की सीमा को बढ़ाया जा सके। बता दें कि बिहार सरकार द्वारा पूरे प्रदेश भर में जाति आधारित जनगणना जारी है।

## नॉर्थ ईस्ट से कच्छ तक हो सकती है अगली यात्रा, रोडमैप तैयार

# अगले साल फिर यात्रा पर निकलेंगे राहुल गांधी

**जयपुरः राहुल** गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के बीच अब अगली यात्रा का रोडमैप भी तैयार हो गया है। अगले साल राहुल गांधी पूर्वी भारत से पश्चिमी भारत की यात्रा पर निकलेंगे। भारत जोड़ो यात्रा का यह दूसरा फेज होगा। इसका पैटर्न भी वर्तमान में चल रही यात्रा जैसा होगा। यदि दूसरा फेज सक्सेसफुली कंप्लीट होता है तो राहुल करीब आठ महीने में 7 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी करेंगे। राहुल गांधी की दूसरे फेज की भारत जोड़ो यात्रा नॉर्थ ईस्ट से लेकर गुजरात के कच्छ तक हो सकती है। इसका रूट फाइनल होना बाकी है। राहुल गांधी की टीम दूसरे फेज की भारत



जोड़ो यात्रा की तैयारियों का खाका बनाने में जुट गई है। प्रियंका गांधी के राजनीतिक सलाहकार और भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान प्रभारी विभाकर शास्त्री ने कहा-यात्रा में कवर होने से कुछ राज्य रह जाएंगे। अभी यात्रा बॉटम टू अप यानी दक्षिण से उत्तर तक जा रही है। अगली यात्रा पूर्व से पश्चिम तक होगी। दूसरी यात्रा की प्लानिंग पूरी हो गई है। हम उम्मीद करते हैं कि दोनों ही यात्रा के दौरान ज्यादा से ज्यादा एरिया को कवर करें। अभी एक रोडमैप बना है, दूसरी यात्रा का रूट फाइनल नहीं किया है। दूसरी यात्रा लोकसभा चुनाव से पहले होगी। फिलहाल पहली भारत जोड़ो यात्रा का करीब आधा सफर पूरा हो चुका है।

**दूसरी यात्रा 3500 किलोमीटर के करीबः** राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा में 3700 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

# आरटीआई के दुरूपयोग से सावधान रहने की आवश्यकता : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) ने सूचना के त्वरित आदान प्रदान एवं पारदर्शिता के साथ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है, किंतु इसके दुरुपयोगों से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज विज्ञान भवन में आयोजित केन्द्रीय सूचना आयोग के 15 वें वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की तथा सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर बिरला ने केन्द्रीय सूचना आयोग की सराहना करते हुए कहा कि जन कल्याण एवं पारदर्शिता के मूल्यों का परिचय देते हुए सूचना आयोग ने सूचना का अधिकार अधिनियम द्वारा लोकतंत्र को सशक्त किया है। उन्होंने आगे कहा कि 75 वर्ष की लोकतान्त्रिक यात्रा में देश ने सामाजिक आर्थिक परिवर्तन के नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विधि निर्माण का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि जन कल्याण के मूल्यों तथा जनादेश के आधार पर केंद्र एवं राज्य स्तर पर विधि संस्थाओं ने जनता को अधिकार दिलाने में व्यापक कार्य किया है और शासन-प्रशासन की जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की है। लोकसभा अध्यक्ष ने सूचना का अधिकार अधिनियम से आने वाले व्यापक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए सूचित किया कि इ गवर्नेंस, सूचना के त्वरित आदान प्रदान एवं ग्रामीण स्तर तक आने वाली पारदर्शिता ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है तथा विधि शासन को मजबूत किया है।

# अपनी लोक परम्परा और शहीदों की सोच को सहेज रहा महोत्सव:विनोदानंद

## शहीद पत्नी द्वारा पूजन दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ, मिश्र बंधु और मोहिनी श्रीवास्तव के गीतों ने बांधी समां

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** जमुनापार महोत्सव अपने अतीत की थाती अपनी लोक परंपरा और अमर शहीदों की सोच को सहेज रहा है। महापुरुषों का समर्पण और उनकी स्मृतियां जीवंत करने वाले आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित इस बार का 24 वां जमुनापार महोत्सव हमें अपनी भारत माता के प्रति जान गवाने वाले अमर शहीद और सेनानियों से प्रेरणा लेने का पथ प्रशस्त करेगा।दिव्य और भव्य आयोजन की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। यह बातें प्रयाग पीठ से पधारे प्रसिद्ध राम कथा वाचक स्वामी विनोदानन्द जी महाराज ने रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में 24 वें जमुनापार महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर कही। इसके पूर्व जमुनापार के अमरशहीद गिरीश शुक्ल की धर्मपत्नी कविता देवी ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। मंच पर विराजमान पूज्य संतों और लोक कलाकारों का स्वागत



जुमनापार महोत्सव में प्रवचन देते स्वामी विनोदानन्द।

करते हुए महोत्सव के संयोजक डॉ भगवत पांडेय ने कहा कि महोत्सव एक ही प्रीति रीति और नीति का प्रतिदर्श है विगत कई वर्षों से अपनी माटी परिपाटी और राष्ट्र के अमर सपूतों की सोच को सहेज रहा महोत्सव अपने शहीद सेनानियों के प्रति कृतज्ञ है जागृति मिशन की यह परंपराअनवरत बनी रहेगी। वेद पाठी बटुकों द्वारा शंखध्वनि और वेद मंत्रोच्चार के साथ महोत्सव का आगाज हुआ।इसके पूर्व विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सरस्वती वंदना नृत्य के बाद चर्चित सूफी भजन गायक मिश्र बंधु जुड़वा द्वारा प्रस्तुत गीत रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वही ये सृष्टि चला रहे हैं और यह देश है वीर जवानों का अलबेलों का मस्तानों का सुनकर श्रोताओं ने भारत माता के जयकारे से पंण्डाल को गुंजायमान कर दिया। मोहिनी श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत गीत केवट ने कहा राम जी से उतराई ना लूंगा हे भगवन,भी खूब सराहा


कर्याक्रम में भाग लेते लोग।

गया। बनारसी और दल के लोक कलाकारों ने उद्घाटन समारोह में सपेरा नृत्य प्रस्तुत करते हुए चार चांद लगा दिए। सच्चा आश्रम के स्वामी दिव्यानंद जी ने भी महोत्सव की सराहना करते हुए इसे जमुनापार की अनमोल थाती बताया तो वहीं मंच पर वृंदावन से पधारे स्वामी गोपाल जी महाराज और मिजार्पुर से पधारे कथावाचक आचार्य पंकज जी महाराज ने आजादी के मर्म को समझाते हुए रामचरितमानस के कई उदाहरण प्रस्तुत कर अपने देश और स्वाभिमान पर आगे बढ़ने के लिए श्रोताओं को प्रेरित किया। भव्य उद्घाटन समारोह का संचालन वरिष्ठ गीतकार राजेंद्र शुक्ला ने किया। इस मौके पर संत प्रसाद पांडेय, दिनेश तिवारी, केसी मिश्रा, रिंकू सिंह,वेद श्रीवास्तव, मोहन जी पांडेय, शोभनाथ द्विवेदी अमित पांडेय, श्यामलाल बेगाना, रामलोचन सांवरिया, मानिकचंद, रामबाबू यादव,डॉ. दिनेश सोनी सबरेज अहमद, कमला शंकर त्रिपाठी, जितेंद्र जलज, संतोष शुक्ला समर्थ,अशोक विश्वकर्मा, तीरथराज पांडेय, अतुल तिवारी, आनंद तिवारी विशाल चौबे, त्रिभुवन नाथ गौड़ समेत विद्यालय के शिक्षक,छात्र और बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अराजक तत्वों ने तोडी- गांव में तनाव

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** थाना क्षेत्र के डीहा चुप्पेपुर गांव में अराजक तत्वों तोड़ी गई संविधान के रचयिता की प्रतिमा ग्रामिणो में आक्रोश जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष बड़े ही हर्सोल्लास के साथ चुप्पेपुर गांव में प्रभात फेरी निकाली गई थी और डां भीम राव अंबेडकर की मूर्ती पुरे गांव में टहलाई गई थी जिसमें सभी लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था जिसके बाद मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई थी जिसको बीती रात अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया और मंदिर से सौ मीटर की दुरी पर धान की फसल में फेंक दी गई थी सुबह ग्रामीणो ने देखा तो सूचना जिलापंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव को दी गई जिसके बाद सुचना पुलिस और एस डी एम करछना गनेश कनौजिया को दी गई मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है जिससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, सूचना पाकर थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुच कर


अराजक तत्वों द्वारा तोडी गयी मूर्ति।

जांच पड़ताल करने में जुटे और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए नई मूर्ती लगवाने और संविधान के रचयिता की टूटी प्रतिमा को सम्मान के साथ गंगा नदी में विसर्जित करने के लिए लोगों को समझाया गया जिसपर लोग सहमति जताई वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग के जेई द्वारा मंदिर की लाईट काटने से नाराजगी जाहिर की है ग्रामीणों का कहना है कि यदि मंदिर की बिजली काटी नहीं गई होती तो इस तरह का दुस्साहस नहीं करते फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है और नई मूर्ती मंगाने की बात कही जा रही है

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का सफल आयोजन किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर बुधवार को अधीक्षक इंचार्ज डॉ दुष्यंत सिंह एवं डॉ अजीत सिंह के दिशा निर्देशन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का सफल आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन बीपीएम आशीष द्विवेदी द्वारा किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं नर्स मेंटर विद्या विश्वकर्मा के द्वारा शुगर,वीपी,


प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस कर्याक्रम में भाग लेती लोग।

तम्प्रेचर, वजन और हाइट की जांच किया गया। डॉ जया चतुवेर्दी द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई एवं फार्मासिस्ट जय सिंह एवं देव प्रजापति द्वारा उनको आयरन और कैल्शियम की दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। एवं लैब टेक्नीशियन नीरज द्विवेदी एवं विनोद सिंह द्वारा लाभार्थियों का खून जांच किया गया । कार्यक्रम में एसटीएस अंकित पांडे, काउंसलर मनोज कुमार एवं पद्मा चौधरी द्वारा काउंसलिंग भी किया गया कार्यक्रम में मनीष कुमार एवं काउंसलर रेखा सिन्हा द्वारा आए हुए लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान की गई।

# मतदाता बनने को छात्राओं ने भरा फार्म

## राजा कमलाकर डिग्री कालेज, शंकरगढ़ में लगा मतदाता कैंप

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** बुधवार से लोकसभा और विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का शुभारंभ हो गया है। राजा कमलाकर डिग्री कालेज, शंकरगढ़ में एसडीएम बारा सुदन अब्दुल्ला ने पंजीकरण कैंप का शुभारंभ किया। प्रथम दिन कालेज की 19 छात्राओं ने फार्म 6 भरकर पहली बार मतदाता बनने के लिए आवेदन किया। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का बड़ा महत्व है। इसलिए सभी को मतदाता सूची में अपना नाम जोड़वाना चाहिए और मतदान करना चाहिए।

एसडीएम ने फार्म 6, फार्म 6ए,


मतदाता बनने के लिये फर्मो को भरने के लिए एकत्रि छात्राएं।

फार्म 6बी, फार्म 7 और फार्म 8 की भी विस्तार से जानकारी दी और सभी क्षेत्रवासियों से मतदाता बनने की अपील की। एसडीएम ने बताया कि एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी मतदाता बनने के लिए अभी से आवेदन कर सकते हैं। यह अभियान आज से शुरू होकर आठ दिसंबर तक चलेगा।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण सम्बंधी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन आज किया गया है। जबकि इस पर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया आज से शुरू होकर 26 नवंबर तक चलेगी। 26 नवंबर तक मिले दावे और आपत्तियों की जांच/निस्तारण किया जायेगा। पूरक सूचियों का मुद्रण, फोटो आदि सम्पूर्ण कार्यवाही तीन जनवरी को की जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम रूप से प्रकाशन पांच जनवरी को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों से पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग की अपील की है। कहा, कोई भी अर्ह व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न होने पाए। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न प्रकार के फार्म वितरित भी किए गए। इस मौके पर तहसीलदार बारा गणेश सिंह, प्राचार्य डा. गंगा प्रसाद तिवारी, कानूनगो मोईन अहमद, लेखपाल गंगा प्रसाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बाइक सवार वृद्ध मार्ग दुर्घटना में घायल, मौत

**सहसों।** सड़क हादसे में बाइक सवार वृद्ध की कुत्ता बचाने के चक्कर में बाइक समेत दीवाल से जा भिड़े जिसमें गम्भीर रूप से घायल होने पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। झूंसी थाना अंतर्गत मदारपुर गांव के सामने कोतारी गांव निवासी कर्मकांडी ब्राह्मण शोभा नाथ तिवारी 78 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय पुदई राम प्रतिदिन सुबह झूंसी स्थित परमानंद आश्रम में पूजा पाठ करने के लिए घर से स्कूटी बाइक से जाया करते थे। जोकि मंगलवार को पूजा पाठ के पश्चात झूंसी से घर वापस लौटते समय मदारपुर गांव के सामने सुबह लगभग नौ बजे कुत्ते को बचाने में उनकी स्कूटी बाइक अनियंत्रित होकर दीवाल में जाकर भिड़ गई । जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों द्वारा सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान मंगलवार की मध्यरात्रि लगभग एक बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत से पुत्र रविशंकर, हरिशंकर एवं परिवारीजन सहित क्षेत्र के लोगों में शोक व्याप्त है।

# वरुणेश्वर महादेव धाम का दो दिवसीय बरना मेला संपन्न


मंन्दिर के बाहर लगी श्राद्वलुओ की भीड तथा मेले में उमडी लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** संगमनगरी प्रयागराज से लगभग 35 किमी उत्तर दिशा में वरुणा नदी के तट पर स्थित प्राचीन वरुणेश्वर महादेव का धाम हिन्दू धर्म मे आस्था रखने वाले लोगो के लिए आस्था का केंद्र है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान वरुण द्वारा हवन के लिए बनाए गए हवन कुंड से हवन के पश्चायत जल की धारा निकल पड़ी जिसे वरुणा नदी के नाम से जाना जाता है।उसी समय वरुणा नदी के तट पर महादेव की प्रतिमा का निर्माण हुआ जिसे सभी वरुणेश्वर महादेव धाम से जानते है।कार्तिक माह के पूर्णिमा पर वरुणेश्वर धाम के लगभग 5 किमी परिधि में दो दिवसीय मेले प्राचीन समय से ही मेले का आयोजन होता है जिसमे भारत की ग्रामीण संस्कृत का करीब से दर्शन किया जा सकता है।

शहरों के बड़े-बड़े मॉल व ऑनलाइन संस्कृत की वजह से भले ही अब इस तरह के मेलों की प्रासंगिकता कम हो रही हो हो मगर वरुणेश्वर धाम की भीड़ बताती है यह धाम और मेला यहाँ के क्षेत्रीय लोगो के लिए कितना प्रासंगिक है। हालांकि प्रयागराज के पड़ोसी जनपद जौनपुर,प्रतापगढ़,भदोही तक के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होते है।मेला देखने के दौरान अचानक वर्षों बाद किसी मित्र का मिलना गरमा-गरम जलेबी, चाट-पकौड़ी खाना महिलाओं का श्रृंगार पटार चोटी, रिबन, चूड़ियां टिकुली-सिंदूर खरीदना बच्चों का झूला झूलना मेले में प्रेमी-प्रेमिकाओं का मिलना जुएं की किस्मत में हाथ आजमाना।मेले में बच्चों का सीटी पिपिहिरी बजाना, एक दूसरे से टकराना, गुब्बारों का फूटना बच्चों का रोना रूठना, अंत में गुड़हिया जलेबी को थैली में पैक कराकर महादेव के दर्शन कर जल्दबाजी में घर आना फिर परिवारजनों संग बैठकर गुड़हिया जलेबी के साथ मेले की चर्चा मेले में खर्चे की चर्चा कितना सुखदाई होता है।

# बुखार से बीड़ी व्यवसाई की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** सहसों निवासी बीड़ी व्यवसाई मोहम्मद कलीम अंसारी लगभग 56 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय हाजी दीन मोहम्मद 5 दिनों से बुखार पीड़ित होने पर प्रयागराज के निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे।मंगलवार को तबीयत ठीक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। उनके परिजन उन्हें लेकर सहसों अपने घर ले आए। मंगलवार की रात में अचानक पुनः तबीयत खराब होने पर परिजनों ने फौरन इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मोहम्मद कलीम अंसारी सहसों में बीड़ी व्यवसाय का उद्यम चलाते हैं। उनके निधन से उनके परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

बीड़ी व्यवसाई के निधन पर सहसों के व्यापारियों सहित अन्य लोगों में शोक व्याप्त है। व्यवसाई मृतक कलीम अंसारी के निधन से उनके भाई कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं फूलपुर विधानसभा से रहे पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद हलीम अंसारी के आवास पर शोक श्रद्धांजलि देने वालों राजनैतिक व्यक्तियों सहित गांव के संभ्रांत एवं अन्य जनों का तांता लगा हुआ है। मोहम्मद हलीम अंसारी ने बताया कि बुधवार को सायंकाल कदीमी कब्रिस्तान ललचहां के कर्बला में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

# युवती को एक युवक भगा ले गया तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** रिश्तेदार के यहां आते आते एक युवक का एक युवती से प्यार हो गया।और युवती को लेकर भाग गया। युवती की माता ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्र पटटी निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी पचीस वर्षीय पुत्री को गांव में रिश्तेदार के यहां आते जाते एक युवक और उनके सहयोगी भगा ले गए। युवती की माता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर नैनीस पुत्र मेवालाल निवासी देल्हूपुर मान्धाता और बिटान तथा महेंद्र कुमार निवासी पचरास मान्धाता प्रतापगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है जिले की - नेहा सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने एक बैठक में बताया कि प्रयागराज की कानून व्यवस्था बिल्कुल बिगड़ गई है। अपराधियों को पुलिस से डर खत्म हो गया है। विगत हप्तों में जिले में ताबड़तोड़ हत्यायें हुई चाहे कोराव के रेस्टोरेंट में हत्या हुई हो ,पचदेवरा के मदार्पुर में बक्सर निवासी को पचदेवरा के फिरोज ने दिनदहाड़े सर काटकर जघन्य हत्या की।

शंकरगढ़ में अपनी पत्नी की हत्या प्रेम प्रसंग के कारण कर दी। प्रयागराज के बैरहना में मधवापुर में हत्या हुई । उतराव थाना के पौडन गांव में हत्या हुई। आम आदमी पार्टी इन हत्याओं की निंदा एवं भर्तसना करती है । अगर


बैठक के दौरान सम्बोधित करती उपाध्यक्ष नेहा सिंह।

लगातार हत्याओं को पुलिस प्रशासन रोकने में असफल है और आपराधिक घटनाएं रोकने में नाकाम है तो आम आदमी पार्टी जिला कचहरी और जिले के सभी तहसीलों में कानून व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिये धरना प्रदर्शन को बाध्य होगी। जिले में आपराधिक घटनाएं व हत्यायें रुक नहीं रही है और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। आम आदमी पार्टी सभी तहसील मुख्यालयों में कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

# मैराथन मार्ग पर दुरुस्त कराएं : डीएम

**प्रयागराज।** 37वीं अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन की तैयारियों की समीक्षा जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने की। बुधवार को संगम सभागार में हुई बैठक में डीएम ने अफसरों से कहा कि मैराथन मार्ग को अभी से दुरुस्त करा लें। कहीं भी धावकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। वहीं क्षेत्राधिकारियों को मैराथन मार्ग पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कहा। सीएमओ से कहा कि मैराथन मार्ग पर दवा का छिड़काव कराया जाए और सभी जगह एम्बुलेंस रखी जाए। एसडीएम खुद सभी जगह निरीक्षण करें। एडीएम सिटी को सेक्टर के अनुसार साइनेज लगवाने के लिए कहा।

# प्राथमिक विद्यालय बच्चों को शिक्षा के प्रति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र के सोरांव गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को नुक्कड़ नाटक कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को सोरांव स्थित प्राथमिक विद्यालय मे निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तहत कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक मे छात्रों के बीच जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कलाकारों ने मनमोहक अभिनय से बालक व बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। कलाकार जितेंद्र कुमार, शिव प्रताप, आदित्य कुमार, नेहा श्रीवास्तव ने अपनी नाटक प्रस्तुत कर बच्चों व मौजूद लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सोरांव


प्राथमिक विद्यालय में अयोजित कर्याक्रम में भाग लेते बच्चे।

व प्रधान संघ अध्यक्ष उरुवा राजेश द्विवेदी, सरस्वती द्विवेदी प्रधानाचार्या, सविता यादव, सविता जैसल, निलिमा, नीता, सादमा, अर्चना, रीता, अशोक यादव, अखिलेश, वीरेन्द्र सहित विद्यालय के बालक-बालिका उपस्थित रहे।

# जंघई में सड़क पटरी पर रखा अतिक्रमण हटाया गया

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** जंघई अष्टभुजा गेट के पास सड़क की पटरी पर रखी गई अवैध गुमटी को तहसीलदार हंडिया ने राजस्व निरीक्षक व भारी संख्या में पुलिस बल भेज कर हटवा दिया।एसडीएम हंडिया ने जनहित में मिली शिकायत पर गुमटी को हटवाने का आदेश दिया था।जंघई स्टेशन से बाजार स्थित मुख्यमार्ग पर जंघई असवां त्रिमुहानी पर रखी गई यह गुमटी आवागमन में अवरोध उत्पन्न कर रही थी।जिसको दो कानूनगो एवं थानाध्यक्ष सरायममरेज, चौकी इंचार्ज जंघई ने भारी पुलिस बल को साथ लेकर बुधवार दोपहर में हटवा दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास एवं निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## निर्माण कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये


आधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों को उपलब्ध धन के सापेक्ष गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अभियंता के अनुपस्थित रहने एवं कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उनका वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने एसटीपी फाफामऊ, नैनी सहित अन्य किए जा रहे निर्माण कार्यों का टीम बनाकर सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निरंतर फील्ड भ्रमण कर कराये जा रहे निर्माण कार्यों का अनुश्रवण करने के निर्देश दिए है।

विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड से नहर के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी लिए जाने पर अधिशाषी अभियंता नहर प्रखण्ड ने बताया कि नहर का संचालन 15 नवम्बर से शुरू होगा। जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि नहरों में टेल तक अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे, इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को विद्युत कनेक्शन समय से दिए जाने एवं विद्युत बिल की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में अनिवार्य रूप से चारा-भूसा इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलो में संरक्षित गोवंशों की ईयर टैगिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। कायाकल्प योजना के तहत प्राथमिक स्कूलों में कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शेष बचे हुए कार्यों को प्राथमिकता पर कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में आयुष्मान योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर पात्र लोगो का गोल्डेन कार्ड बनाये जाने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया है। जिलाधिकारी ने कराये गये वृक्षारोपण के कार्य का टीम बनाकर सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने हेल्थ एण्ड वेल्नेस सेंटर के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने एवं कराये गये कार्यों का सत्यापन भी कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने गड्ढ़ा मुक्ति के कार्य को अनिवार्य रूप से निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शत-प्रतिशत विद्यालयों में एण्टीलार्वा का छिड़काव करवाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में छिड़काव के लिए जिला पंचायत अधिकारी को एवं शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में छिड़काव के लिए नगर निगम को कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


नुक्कड नाटक का मंचन करते कलाकार।

# नुक्कड़ नाटक कर शिक्षा के प्रति बच्चों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा के सोरांव गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को नुक्कड़ नाटक कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को सोरांव स्थित प्राथमिक विद्यालय मे निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तहत कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक मे छात्रों के बीच जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कलाकारों ने मनमोहक अभिनय से बालक व बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। कलाकार जितेंद्र कुमार, शिव प्रताप, आदित्य कुमार, नेहा श्रीवास्तव ने अपनी नाटक प्रस्तुत कर बच्चों व मौजूद लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सोरांव व प्रधान संघ अध्यक्ष उरुवा राजेश द्विवेदी, सरस्वती द्विवेदी प्रधानाचार्या, सविता यादव, सविता जैसल,निलिमा, नीता, सादमा, अर्चना, रीता, अशोक यादव, अखिलेश,वीरेन्द्र सहित विद्यालय के बालक-बालिका उपस्थित रहे।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित करने के मामले में सचिव रजिस्ट्रेशन तलब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित किए जाने के मामले में सचिव रजिस्ट्रेशन, लखनऊ को तलब किया है। कोर्ट ने कहा है कि वह 22 नवंबर को मामले की सुनवाई केदौरान कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहेंगे। कोर्ट ने आदेश का पालन कराने केलिए रजिस्ट्रार को निर्देशित भी किया है। कहा कि वह आदेश का पालन कराने केलिए कोर्ट के आदेश की कॉपी भेजकर सूचित करें। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए दिया हैमामले में याची उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि विपक्षी को जिस पद पर नियमित करने के लिए कोर्ट ने आदेश दिया है। वह पद 1998 में ही समाप्त हो गया है। इसलिए उसे नियमित नहीं किया जा सकता है। जबकि, विपक्ष के अधिवक्ता रामप्यारे लाल श्रीवास्तव ने कहा कि विपक्षी 1979 से ही रजिस्ट्रेशन विभाग में वॉटरमैन के पद पर तैनात है। उसने अपने नियमितीकरण के लिए याचिका दाखिल की तो कोर्ट ने उसकी याचिका को स्वीकार करते हुए सन 2013 में ही विपक्षी को नियमित करने का आदेश पारित किया था।

नौ साल बीत जाने के बावजूद आदेश का पालन नहीं किया गया। जबकि, एकल पीठ ने यह आदेश दिया था कि अगर वॉटरमैन का पद समाप्त हो गया है तो चतुर्थ श्रेणी में किसी भी पद पर समायोजित कर लिया जाए। कोर्ट ने विपक्षी के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद मामले में सचिव रजिस्ट्रेशन को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है। पूछा है कि कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 22 नवंबर की तिथि तय की है।

## आफसा अंसारी पर दर्ज गैंगस्टर मामले में सुनवाई 18 नवंबर को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बाहुबली मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी पर दर्ज गैंगस्टर मामले में दाखिल पुनर्निरीक्षण याचिका दाखिल करने में हुई देरी को माफ करते हुए 18 नवंबर को सुनवाई करने का फैसला किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने आफसा अंसारी की पुनर्निरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।इसके पूर्व हाईकोर्ट ने उनकी पुनर्निरीक्षण याचिका को देरी से दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिया था। याची हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए हाईकोर्ट से मामले की सुनवाई करने का आदेश दिया था।सुप्रीम कोर्ट के आदेश केबाद आफसा अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मऊ जिले के दक्षिण टोला थाने में 31 जनवरी 2022 को गैंगस्टर एक्ट केतहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की है।

## डेंगू की आपदा में अवसर पा गये हैं, क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टर

**बारा।** वर्तमान समय में समूचे उत्तर प्रदेश में डेंगू के साथ साथ वायरल फीवर भी अपने चरम पर है, लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है।इसी दौरान जानकारी प्राप्त हो रही है कि कुछ झोलाछाप और पैथालॉजी वालों ने आपसी साठगांठ कर वायरल फीवर बता रहे हैं,और स्थिति का नाजायज लाभ डॉक्टर और ब्लड रिपोर्ट देने वाले लोग ले रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि सीएचसी बनी है जो कि कुछ दूरी पर ही स्थित है लेकिन वहाँ के अधीक्षक की लापरवाही से झोलाछाप डाक्टर और मनमानी करने पर आमादा हो गये हैं। एक पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि डीएनएस और मेट्रो चढ़ाकर 30 से 40 हजार रुपये मरीजों से वसूले जा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने प्रयागराज के मुख्य चिकित्साधिकारी से शिकायत कर माँग की है कि जनपद के इन झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए,ताकि साधारण बुखार में भी व्यक्ति डेंगू जैसी बीमारी का शिकार न बन सके।

# सेंट मेरिज स्कूल के रसोइयां की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

## स्कूल के कमरे में लटकता मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/ प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के तरांव गांव में स्थित सेंट मेरीज स्कूल में एक सनसनीखेज वारदात हुई है। सेंट मेरीज स्कूल के रसोईया का शव उसके ही कमरे में सुबह लटकता मिला जिससे स्कूल परिसर एवं क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक जादीपुर गांव के नथऊपुर मजरे का रहने वाला सोहित लाल पुत्र मुनीम आदिवासी (18) बीते 27 अक्टूबर से सेंट मेरिज स्कूल में भोजन बनाने का काम करता था। प्रतिदिन की तरह वह मंगलवार शाम को भी विद्यालय में रहने वाले स्टाफ के लिए भोजन बनाया और खिलाने के बाद विद्यालय के अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह जब वह 6 बजे तक उठकर अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो स्कूल के स्टाफ उसके कमरे के पास आए और देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी वह नहीं बोला तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोलवाया तो देखा कि कमरे के अंदर पंखे के चुल्ले से चद्दर के सहारे उसका शव लटक रहा था। फंदे से शव उतरवाने के बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा एवं अविवाहित था। मामले की सूचना परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। आनन-फानन में रोते बिलखते परिजन कोरांव थाने आ पहुंचे जहां काफी देर तक थाने पर हंगामा भी हुआ। सोहित के दोनों बड़े भाई मोहित व कंकड़ मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं। बड़ा भाई मोहित अभी एक महीने पूर्व गांव आया हुआ है। मृतक सोहित के बड़े भाई मोहित ने बताया कि मंगलवार शाम 5 बजे व सायं 7 बजे मेरी अंतिम बात हुई थी जहां वह बता रहा था कि मैडम लोग भैंस की मांस बनाने के लिए बोल रही हैं, और मैं बनाने से मना कर रहा हूं तो मेरे ऊपर कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। भाई ने कहा कि आए दिन खाना चुरा लेने या पहले खा लेने आदि को लेकर स्कूल की शिक्षिकाओं के द्वारा डाटा जाता था। जिसके बाद यह घटना हुई है। घटना की सूचना होने पर स्कूल के मैनेजर फादर बाबू फ्रांसेस भी विद्यालय पहुंच गए और घटना के स्थल का निरीक्षण करते हुए कोराओं थाने स्कूल के अन्य स्टाफ के साथ पहुंच गए जहां मृतक के बड़े भाई मोहित को तीस हजार नकद दाह संस्कार व क्रिया कर्म करने के लिए दिया जाने लगा, किंतु भाई ने उसे ठुकरा दिया। बुधवार को शाम पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया जहां पर परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया। घटना के बाबत जब स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर नवीना से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि हम लोग भैंस की मांस नहीं खाते हैं चिकन व अंडा खाते हैं। भैंस की मांस का जो आरोप लगाया गया है वह निराधार है।


मृतक सोहित की फाइल फोटो।

## दो सालों से लेखपालों को पारिश्रमिक न मिलने पर कार्य बहिष्कार

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** स्थानीय तहसील में वर्तमान लेखपालों द्वारा जनपद प्रयागराज के सभी आठों तहसील में दिनांक 6 नवंबर 2022 से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र की रिपोर्ट का बहिष्कार जारी है। विदित है कि लेखपालों का आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के सापेक्ष शासन द्वारा पांच रुपए नियत है। किंतु जिला प्रशासन द्वारा लेखपालों को 1 सितंबर 2019 से आय,जाति, निवास के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया गया है। वर्तमान में लेखपालों के पास कंप्यूटर से संबंधित खसरा फीडिंग वरासत आदि काम है। जिसमें अपना निजी पैसा लगाकर काम किया जा रहा है। आय, जाति, निवास का पैसा मिलने से लेखपालों पर आर्थिक बोझ थोड़ा कम होगा। लगभग 2 साल का पैसा जिला प्रशासन द्वारा लेखपालों को नहीं दिया गया। जिससे विवश होकर जिले भर के लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष लेखपाल संघ प्रयागराज राज कुमार सागर व जिलामंत्री अवनीश कुमार पाण्डेय ने दी है।

# हाईकोर्ट ने डेंगू के उपचार की व्यवस्था पर मांगी रिपोर्ट, नगर निगम ने पेश की अनुपालन रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डेंगू के फैले संक्रमण को लेकर बचाव के उपाय के अलावा पीड़ितों के उपचार की व्यवस्था की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने कहा कि याचिका पर 15 नवंबर को फिर सुनवाई का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज मिश्र तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने दिया है। इसके पूर्व मामले में राज्य सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई। नगर निगम के अधिवक्ता एसडी कौटिल्य ने पिछले आदेश के अनुपालन में की गई कार्यवाही की जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय अधिवक्ता, डाक्टर, पार्षद, दो संभ्रांत नागरिक, सफाई निरीक्षक व सफाई नायक की वार्ड कमेटियां गठित की गई है। डेंगू कंट्रोल रूम इनसे फीडबैक लेकर कार्यवाही कर रहा है। यह भी बताया कि 30 साइकिल माउंटेड फागिंग अतिरिक्त मशीन सहित कुल 135 मशीनें, आठ बडी मशीनें, छह मध्यम आकार वाली मशीनें जिला प्रशासन की काम कर रही है। 22 अतिरिक्त एंटी लार्वा हैंड स्प्रे मशीन सहित कुल 212 बैटरी आपरेटेड स्प्रे मशीन, 20 वाहन स्प्रे मशीन काम कर रही है। फागिंग का वार्ड वार माइक्रो प्लान तैयार किया जा रहा है।यह भी बताया कि 108 जल भराव स्थल चिंहित कर खाली कराये गये है। 62तालाबों में एंटी लार्वा छिड़काव किया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग घरों का सर्वे कर निरोधात्मक उपाय कर रहा है। 8256 घरों का सर्वे हुआ। 36 स्थानों पर लार्वा पाया गया। यह भी बताया गया कि अभी तक 1107 रोगी में से 1036 ठीक हो चुके हैं। छह की मृत्यु हो चुकी है। यह बात अलग है कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर के ओझा ने मुख्य न्यायाधीश की पीठ को बताया था कि सात वकीलों की डेंगू से मौत हो चुकी है। फिलहाल बार की तरफ से सुनवाई के दौरान कोई मौजूद नहीं था। कोर्ट ने निरोधात्मक उपाय करने के साथ सही इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया और कार्यवाही रिपोर्ट मांगी२ है। अगली सुनवाई 15 नवंबर को होगी।

# गलत इंजेक्शन लगा देने से युवती की मौत शव अस्पताल में रख कर काटा हंगामा

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निकट मेडिकल स्टोर के संचालक ने युवती को लगाया इंजेक्शन

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक डाक्टर ने सादे पर्चे पर बाहर की दवा लिख दिया।डाक्टर की पर्ची लेकर परिजन एक मेडिकल स्टोर के संचालक के पास गए। जहां इंजेक्शन मांस पेटियों में न लगा कर नश में लगा दिया। जिससे युवती की मौत हो गई। परिजन शव आस्पताल में रख कर हंगामा काटने लगे तो मेडिकल स्टोर संचालक जो कथित डाक्टर बन कर इंजेक्शन लगाया था।दुकान बंद कर फरार हो गया।


युवती की मौत के बाद शव रखा कर हंगामा करते परिजन।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता मझगवां निवासी शोभनाथ की पुत्री रुबी कुमारी 20 वर्ष का काफी दिनों से मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार चल रहा है। बताया गया है कि अस्पताल के बाहर आधा दर्जन मेडिकल स्टोर मौजूद हैं। जहां डाक्टरों की सांठ गाठ है ।शोभनाथ के अनुसार उनके बेटी का उपचार डाक्टर वैभव त्रिपाठी कर रहे हैं ।बुधवार को वह अस्पताल में नही थे। उनके स्थान पर डाक्टर जुबैर अहमद की डयूटी थी। आरोप है कि डाक्टर वैभव त्रिपाठी ने सादे कागज पर बाहर की दवा लिखे थे। परिजन एक मेडिकल स्टोर पर सादे कागज पर डाक्टर वैभव त्रिपाठी की लिखा इंजेक्शन लगवाने चले गए। आरोप है कि अस्पताल के बाहर मौजूद एक मेडिकल पर इंजेक्शन लगवाने चले गए। जहां मेडिकल स्टोर के संचालक ने डाक्टर वैभव त्रिपाठी के द्वारा लिखे गए सादे कागज पर इंजेक्शन ( पैनीडोर 12 लाख पावर) का इंजेक्शन रुबी कुमारी के कूल्हा पर न लगा कर नश पर लगा दिया। जिससे रूबी कुमारी की मौत हो गई तो शव लेकर परिजन अस्पताल में रख कर हंगामा काटने लगे तो स्टोर संचालक स्टोर बंद कर फरार हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल स्टोर के संचालक ने मिल मिला कर मोटी रकमें मृतक के परिजनों को भेजवा कर मामले बढने से रोक दिया। परिजन शव लेकर गांव चले गए। आरोप है कि मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभी डाक्टर सादे कागज पर अस्पताल के बाहर खुले मेडिकल स्टोर से मिले हुए हैं। वह प्रायः बाहर की सेटिंग दवा आदि लिखते हैं। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डाक्टर राम गोपाल वर्मा ने बताया कि उन्हें भी पता चला है। वह सभी डाक्टरों द्वारा बाहर की दवा लिखने की शिकायत कर चुके हैं आज फिर वह डाक्टर वैभव त्रिपाठी और मेडिकल स्टोर की करतूतों की शिकायत सीएमओ एंव शासन से करेंगे। डाक्टर राम गोपाल वर्मा ने कहा कि वह कई बार अस्पताल के सभी स्टाफ को चेतावनी दे चुके हैं। उन्हों ने कहा कि अस्पताल के बाहर मेडिकल स्टोर के झोला छाप डाक्टरों के खिलाफ कार्यवाही जरुर करेंगें। अलबत्ता उन्हें कोई लिखित शिकायत कर दे।

# प्राचीन इतिहास विभाग को 36 साल बाद मिले शिक्षक, सात विभागों में 77 शिक्षकों की भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** शिक्षकों की कमी से जूझ रहे इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के सात विभागों को बड़ी राहत मिली है। बुधवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में शिक्षक भर्ती का लिफाफा खोल दिया गया। प्राचीन इतिहास विभाग को 36 साल और वनस्पति विज्ञान विभाग को 26 साल बाद नए शिक्षक मिले। सात विभागों में शिक्षकों के 77 पदों पर भर्ती हुई है।कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में शिक्षक भर्ती पर अंतिम मुहर लगाई गई। अंग्रेजी विभाग के जो लिफाफे मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण नहीं खुल पाए थे, वहां भी अनारक्षित वर्ग में असिस्टेंट प्रोफेसर के तीन पदों पर भर्ती की गई। राजनीति शास्त्र विभाग को 18 वर्ष बाद, शिक्षाशास्त्र एवं समाजशास्त्र विभाग को नौ वर्ष बाद नए शिक्षक मिले। वहीं, गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान में पहली बार शिक्षकों की नियुक्ति की गई।प्राचीन इतिहास विभाग में 21 शिक्षकों की भर्ती हुई है, जिनमें 15 असिस्टेंट प्रोफेसर एवं छह एसोसिएट प्रोफेसर शामिल हैं। इस विभाग में कुल 30 पदों पर भर्ती होनी थी, लेकिन योग्य अभ्यर्थी न मिलने के कारण असिस्टेंट प्रोफेसर का एक, एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर के चार-चार पद खाली रह गए।



शिक्षाशास्त्र विभाग को 10 असिस्टेंट प्रोफेसर एवं दो एसोसिएट प्रोफेसर मिले हैं। योग्य अभ्यर्थी न मिलने के कारण प्रोफेसर का एक, एसोसिएट प्रोफेसर के दो और असिस्टेंट प्रोफेसर के दो पर रिक्त रह गए। राजनीति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के 15 एवं एसोसिएट प्रोफेसर के चार पदों पर भर्ती हुई है। वहीं, योग्य अभ्यर्थी न मिलने से प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के एक-एक पद खाली रह गए। समाजशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के तीन और वनस्पति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के 14 एवं एसोसिएट प्रोफेसर के तीन पदों पर भर्ती हुई है। वनस्पति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर का एक और एसोसिएट प्रोफेसर के दो पद खाली रह गए। गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान में असिस्टेंट प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के दो-दो पदों पर भर्ती हुई है।

# चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने स्वशासी मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

## प्रमुख सचिव ने एकेडेमिक ब्लाक, बैरियर लान्ड्री, नवीन सी-आर्म मशीन का किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने डा0 सोनेलाल पटेल स्वाशासी मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया एवं महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालय परिसर में स्थित नवनिर्मित एकेडेमिक ब्लाक, अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित बैरियर लान्ड्री, आपरेशन थिएटर में नवीन सी-आर्म मशीन एवं औषधि भण्डार का उद्घाटन किया तथा आस-पास के जनपदवासियों को चिकित्सा हेतु समर्पित किया।

बैरियर लान्ड्री से हास्पिटल जनित होने वाले इन्फेक्शन में कमी तथा सी-आर्म मशीन द्वारा हड्डी के जटिल आपरेशन तथा स्पाइन सर्जरी आदि में उसके उपयोग से स्थानीय स्तर पर प्रतापगढ़ के मरीजों की इलाज की सुविधा के



नई ओटी का फीता काटकर उद्घाटन प्रमुख सचिव आलोक कुमार।

बारे में विस्तृत जानकारी मेडिकल के प्रधानाचार्य डा0 आर्य देश दीपक द्वारा प्रमुख सचिव को दी गयी।

प्रमुख सचिव ने इमरजेन्सी एवं निमार्णाधीन 230 बेडेट हास्पिटल की प्रगति एवं गुणवत्ता का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर संजय शर्मा से निमार्णाधीन भवनों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करवाने हेतु हस्तगत किये जाने हेतु निर्देशित किया जिससे भवनों की उपयोगिता सुनिश्चित हो सके एवं परिसर में स्थापित पुराने भवनों की जानकारी प्राप्त की गई। पुराने भवनों को हटाने हेतु सम्पूर्ण परिसर में स्थापित भवनों के ले आर्डर इत्यादि को उपलब्ध करवाने तथा ध्वस्त किये जाने वाले भवनों की रिपोर्ट को भी उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने चिकित्सा महाविद्यालय के प्रांगण में जिमनेजियम एवं फामाकों वेजिलेंस विभाग का उद्घाटन किया तथा एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों को सम्बोधित करते हुये उ0प्र0 सरकार द्वारा चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग में सुधार हेतु किये जा रहे उत्कर्ष कार्यो के बारे में अवगत कराया, साथ ही यह भी बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा विर्गत वर्ष में 9 मेडिकल कालेज खोले गये तथा आगामी वर्ष में 14 और मेडिकल कालेज खोले जाना प्रस्तावित है। उसके बाद प्रमुख सचिव द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत चन्दन के वृक्षों का रोपण किया गया।

# न्यू एंजिल्स में छात्र-छात्राओं को दी गई रोजगारपरक शिक्षा की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान के प्रयागराज चैप्टर की ओर से न्यू एंजिल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में कम्पनी के आफिस इंचार्ज अमिताभ शुक्ला, प्रयागराज चैपटर प्रयागराज के द्वारा एक कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विदित हो कि न्यू एन्जिल्स सी. से. स्कूल जनपद प्रतापगढ़ में आई सी एस आई का एकमात्र स्टडी सेन्टर है। अमिताभ शुक्ला ने छात्रों को मौजूदा समय में रोजगार परक कार्यक्रमो की विस्तार से जानकारी दिया। कम्पनी सचिव कोर्स के माध्यम से छात्र एवं छात्राएं अपना भविष्य सुधार सकते हैं। इस कार्यक्रम में न्यू एन्जिल्स के कक्षा 11 एवं कक्षा 12 के गणित, जीव विज्ञान और कामर्स के सभी छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र एवं छात्राओं में कौतूहल दिखाई दिया।

कक्षा 12 के सोमेश शर्मा, आदर्श गुप्ता, पलक सिंह और कक्षा 11 के अनुराग शुक्ला ने कम्पनी




रोजगारपरक शिक्षा लेने वाली छात्र-छात्राएं।

कोर्स से सम्बन्धित विभिन्न प्रश्न किये और जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम के अंत में प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान एवंउनकी टीम को आभार ज्ञापित किया।

## निकाली गयी भव्य कलश यात्रा, गूंजा राधे-कृष्ण का जयकारा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भभया नगर अझारा में सामूहिक संगीतमय श्रीमदभागवत कथा को लेकर बुधवार को कार्यक्रम स्थल से लालगंज नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कालाकांकर रोड पर ब्लाक गेट तथा इंदिरा चैक होते हुए कलश यात्रा कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम में पहुंची। यहां भगवान द्वारिकाधीश के जयकारे से वातावरण गूंज उठा दिखा। कलश यात्रा की अगुवाई कथा व्यास आचार्य विनीत कृष्ण जी महराज ने किया। यात्रा में महिलाओं को सिर पर कलश रखकर भगवान से लोक कल्याण की मंगलकामना करते देखा गया। इसके बाद कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पहले दिन कथा का शुभारंभ करते हुए आचार्य विनीत कृष्ण ने कहा कि भगवान की कथा जहां भी हुआ करती है वहां का परिवेश स्वतः मंगलमय हो जाया करता है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कथा श्रवण से हमें जीवन के सत्कर्म को आगे बढाए रखने की सीख मिलती है। पूर्व प्रधान विद्याशंकर मिश्र एवं साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी ने श्रद्धालुओं की ओर से कथाव्यास का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया। कथाश्रवण के लिए शैलजा मण्डपम पहले ही दिन श्रद्धालुओं से भरा दिखा। कार्यक्रम में जय कौशल, साहित्यकार अंजनी अमोघ, झुन्ना तिवारी, विनय मिश्र, कुंवर नारायण तिवारी, शेरू तिवारी, राजा दुबे, ज्ञानू तिवारी, रूपा कौशल, शालिनी आदि रहे।

## किशोरी के साथ दरिंदो ने किया सामूहिक दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

### गांव से कुछ दूरी पर नौ घंटे बाद मिली बेहोश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार की रात गांव के ही चार युवकों ने पशुशाला से एक किशोरी को उठाकर जंगल में ले जाकर बेहोशी का इंजेक्शन देकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह शौच के लिए गई महिला ने बेहोशी हालत में किशोरी को देखकर सन्न रह गई और घटना की जानकारी परिजनों को दी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार को उसके यहां तेरही का कार्यक्रम था। रात लगभग नौ बजे चैदह वर्षीय उसकी बेटी पशुशाला में जानवरों को चारा देने गई थी। जब वह काफी समय बीत जाने के बाद नही लौटी तो परिजन पशुशाला गए उसे वहां न देखकर चिंतित हो उठे। लोगों ने रात भर काफी ढूढने का प्रयास किया लेकिन उसका कुछ भी पता नही लगा। बुिधवार की सुबह एक महिला शौच के लिए गई हुई थी। उसने किशोरी को बेहोशी की हालत में देखा तो सन्न रह गई और घटना के बाबत परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे उठाकर घर ले आए। कुछ देर बाद होश में आने पर किशोरी ने गांव के एक युवक के साथ तीन अज्ञात लोगो को घटना के बाबत बताया। किशोरी ने बताया कि वह बेहोश थी उसके साथ क्या हुआ उसे कुछ भी पता नही है। वहीं पिता ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया।

## अधिवक्ता की मौत पर भाई ने दी हत्या की तहरीर, डीजी से इंसाफ की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में अधिवक्ता की मौत को लेकर भाई ने आरोपियो के खिलाफ हत्या किये जाने को लेकर पुलिस को तहरीर सौपी है। तहसील के अधिवक्ता एवं लालगंज कोतवाली के डगरारा गांव निवासी सोनू सिंह उर्फ शत्रुध्न सिंह का शव चैबीस अक्टूबर को रानीगंज कैथौला चैकी के नेशनल हाइवे पर मिला था। उस समय पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई नरेन्द्र सिंह की तहरीर पर अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत को लेकर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया था। मृतक सोनू के भाई भीम सिंह रोजी रोटी के सिलसिले मे हैदराबाद था। हैदराबाद से घर पहुंचने पर भीम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसके भाई सोनू को तेईस अक्टूबर को रात लगभग साढे दस बजे अंतू थाना के कोलबझान निवासी दो आरोपियो का लालगंज कोतवाली के परसपुर गांव के एक आरोपी पर घर से बुलाकर एक ढाबे पर ले जाने की बात कही गयी है। तहरीर मे आरोप है कि आरोपियो ने साजिश कर उसके भाई सोनू की हत्या कर दी। पीडित ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र भेजकर हत्या मे शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## स्टेशन के पास मिला युवक का शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ स्टेशन के टिकट काउंटर के पीछे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने तलाषी ली तो उसके जेब से आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के आधार पर युवक की पहचान राजकुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह के रुप में हुई। पुलिस ने घरवालों को सूचना भेज दी है और शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है।

## मार्ग दुर्घटना में होमगार्ड की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चिलबिला विद्युत विभाग के पावर स्टेशन पर ड्यूटी जा रहे एक होमगार्ड की हादसे में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली क्षेत्र के सिटी कस्बे में होमगार्ड जगत बहादुर पटेल की बाइक की कार से टक्कर हो जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जगत बहादुर डेरवा बाजार का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## मण्डलायुक्त के विकास का इंतजार कर रहा मोहम्मदाबाद

### बदहाल स्थिति में है मोहम्मदाबाद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के ब्लाक कालाकांकर के मोहम्दाबाद कालाकांकर को तत्कालीन मण्डलायुक्त राजन शुक्ला ने वर्ष 2017 में गोद लिया था जिससे गाँव के लोगो को उम्मीद जगी थी कि चलो कम से कम मण्डलायुक्त ने हमारे गाँव को गोद तो ले लिया अब विकास की नदियां बहेगी लेकिन यह क्या यहाँ तो 5 साल बीत गये, कोई भी ऐसा कार्य नही हुआ जिससे लोगो को कुछ उम्मीद लगे सिर्फ बड़े बड़े अधिकारियों की बड़ी बड़ी बाते होती है गोद लिए गाँव मे अपनी हाजिरी लगाकर चले जाते हैं और सरकार को गोद लेने पर वाह वाही ले लेते हैं।

गंगा स्वच्छ मिशन को लेकर सरकार ने पानी की तरह पैसा खर्च किया लेकिन गोद लिए गाव मोहम्दाबाद (कालाकांकर) की बस्ती की नाली का गंदा पानी आज भी मां गंगा की गोद मे जाकर मैली हो रही है जिसको न तो सरकार की परवाह है और न ही जिला शासन प्रशासन को सभी गंगातट किनारे होने वाले कार्यक्रम में शामिल होकर चले जाते है लेकिन माँ गंगा की गोद मे जा रही बस्ती की नाली का गन्दा पानी को नही रोका जा रहा। सरकार बदली निजाम बदला लेकिन मण्डलायुक्त के गोद लिए मोहम्दाबाद (कालाकांकर) की सूरत नही बदला। यदि मोहम्दाबाद कालाकांकर के शमशान घाट के जाने वाले रास्ते को देखा जाय तो लोग यही कहेंगे कि जिस गाँव को मण्डलायुक्त ने गोद लिया उस गाँव का तो कायाकल्प हो जाना चाहिये लेकिन कालाकांकर में ऐसा कुछ भी 5 साल में नही हुआ जिससे ग्रामवासियो का चेहरा खुशी से खिल उठे। इसे कालाकांकर का दुर्भाग्य कहे या ग्रामीणों की किस्मत जहाँ आज भी गाँव की जनता विकास होने का इंतजार कर रही है। अब देखना है कि कालाकांकर मोहम्दाबाद को गोद लेने कौन आगे आता है या फिर इसी तरह सिलसिला चलता रहेगा।

# कवियों व पत्रकारों की लेखनी से है आजादी की मशाल रोशनः प्रमोद तिवारी

## पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस एमपी ने मोदी सरकार पर जमकर किया प्रहार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि आजादी की मशाल को आज के दौर में भी कलमकारों ने मजबूती के साथ रोशन कर रखा है। उन्होनें कहा कि प्रतापगढ़ की धरती साहित्य तथा धर्म एवं राजनीति के क्षेत्र में बहुत ही उर्वरा रही है।

बुधवार को उदयपुर में स्वतंत्र कवि मण्डल के बैनरतले वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण नारायण लाल कृष्ण की पुस्तक लयाक्षर पुष्प काव्य-संग्रह का समारोहपूर्वक विमोचन करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रतापगढ़ की ही धरती से भिखारीदास, जुमई खां आजाद, उन्मत्त जैसे साहित्यकार तथा स्वामी करपात्री महराज एवं कृपालु महराज जैसे धमार्चार्य व पण्डित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय एवं राजा दिनेश सिंह




काव्य संग्रह का विमोचन करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

जैसे कुशल राजनीतिज्ञों की धरती प्रतापगढ़ से आजादी के मूल्यों को भी मजबूत दिशा मिली।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पत्रकारों तथा साहित्यकारों ने ही लेखनी का योगदान देकर आजादी के समय देश को एकता के सूत्र में खड़ा करने का सपना साकार किया। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा आज वही कर रही है जो अंग्रेजो ने कभी किया था। नोटबंदी को ही मंहगाई तथा बेरोजगारी का प्रमुख कारण ठहराते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि नोटबंदी के चलते आज देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद और तबाह हो गयी है। प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर तीखे हमले मे कहा कि काला धन लाने का उसका वायदा तो धरा का धरा रह गया बल्कि इसके विपरीत काला धन दोगुना सफेद जरूर हो उठा है। इस दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र आदि रहे।

# 70वें जनपदीय विद्यालयीय क्रीड़ा समारोह का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

## 18 वर्ष की आयु वाले अवष्य बनें मतदाताः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 नये मतदाताओं के पंजीकरण अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में कराने के उद्देश्य से राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ के प्रांगण में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा मतदाता पंजीकरण कैम्प एवं 70वें विद्यालयीय क्रीड़ा समारोह-2022-23 का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कालेज की छात्राओं, अध्यापकों एवं आमजन मानस को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवा मतदाताओं के मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होगा, जो युवा मतदाता अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता अपना नाम मतदाता सूची



जनपदीय क्रीड़ा समारोह का दीप जलाकर उद्घाटन करते डीएम डा0 नितिन बंसल

में पंजीकरण करायें और भविष्य में होने वाले चुनाव में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं।

70वें जनपदीय विद्यालयीय क्रीड़ा समारोह के इस अवसर पर जिलाधिकारी शान्ती के प्रतीक कबूतर एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक गुब्बारे को उड़ाया तथा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी को मार्च पास्ट की सलामी दी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, सह जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी द्विवेदी सहित डा0 मोहम्मद अनीस, डाक्टर विन्ध्याचल सिंह सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## समस्याओं के समाधान को लेकर वकीलों तथा अफसरों के बीच हुआ मंथन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में बुधवार को अधिवक्ताओं तथा वादकारियो की समस्याओं को लेकर बार और बेंच के बीच पारस्परिक विचारविमर्श को लेकर बैठक हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील के प्रमुख गेट समेत पूरे परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगवाये जाने, वादकारी शेडों मे नियमित साफ सफाई तथा परिसर से जलजमाव दूर किये जाने आदि समस्याओं के एसडीएम से समाधान कराए जाने की मांग की गयी है। एसडीएम सौम्य मिश्र ने बिंदुवार समस्याओं के निस्तारण कराए जाने का भरोसा दिलाया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर राममोहन सिंह, महामंत्री शेष तिवारी, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, राजेन्द्र मिश्र, शिवाकान्त उपाध्याय, शैलेन्द्र सिंह, घनश्याम मिश्र, संतोष पाण्डेय, दीपेन्द्र तिवारी, अनूप पाण्डेय, राकेश शुक्ल, संजय सिंह, नामवर सिंह, जयकरन सिंह, विपिन शुक्ल, केके शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

## नाली के विवाद को लेकर आरोपियों ने युवक को पीटकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन पर बने हुए नाली को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। एक पक्ष के लोगों ने पीड़ित को जमकर मारा पीटा जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पीड़ित ने मामले में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के ठनेपुर गोपापुर गांव के रहने वाले बृजलाल यादव पुत्र भोलाराम ने बताया कि उसकी आबादी की जमीन में नाली बनी हुई है जिसे बंद करने के लिए उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग एक राय होकर आ गए विरोध करने पर उसके भाई को बंदूक लगाकर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया जिससे उसे गंभीर चोटें आई पीड़ित ने तहरीर देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अंजनी सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0-12/19 धारा 147,323,504,506 भादवि से संबंधित वारण्टी वीरेन्द्र यादव पुत्र स्व0 राम लखन यादव निवासी विझला, थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना रानीगंज के उ0नि0 साालिकराम शुक्ला मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0नं0-256/18 धारा 138 छप एक्ट से संबंधित वारण्टी मुकुन्द लाल पुत्र भोनू निवासी आमापुर बेर्रा, थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# प्रसूता की मौत पर आक्रोशित लोगों ने किया हाइवे जाम, एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार की रात सीएचसी में प्रसव पीडा के दौरान इलाज के समय प्रसूता की मौत पर बुधवार को लोगों का आक्रोश फिर भडक उठा। मृतका का शव लालगंज सांगीपुर हाइवे पर रखकर परिजन व मृतका के मायके से जुडे ग्रामीण जाम लगा बैठें। हालांकि जाम की सूचना पाकर फौरन पुलिस पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर एक घण्टे के भीतर जाम हटवा दिया।

लालगंज के खानापटटी नेवाज खां निवासी मनोज गुप्ता की बहन रीता इस समय प्रसव के चलते मायके आयी थी। सोमवार को रीता को तकलीफ हुई तो परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। महिला चिकित्सक द्वारा आपरेशन के दौरान



प्रसूता की मौत पर मांग पत्र पर विचार करते अफसर व अन्य लोग।

रीता की हालत और बिगडती देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर रीता की मौत हो गयी। इसके बाद रीता के भाई व परिजन उसका शव लेकर सीएचसी लौट आये। यहां महिला चिकित्सक पर सुविधा शुल्क के नाम पर इलाज में लापरवाही बरतने को लेकर देर रात तक हंगामा हुआ। पुलिस ने मंगलवार को रीता के शव को पीएम के लिए भेजवाया। देर शाम मृतका का शव परिजन लेकर यहां नेवाज खां पहुंचे। बुधवार की सुबह मृतका के मायके पक्ष के लोग तथा स्थानीय लोग चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर भडक उठे। आक्रोशित लोगों ने शव को वाहन पर लादकर लालगंज सांगीपुर रोड पर लाकर रख दिया। इधर जाम की सूचना पाकर कोतवाल कमलेश पाल आननफानन मे फोर्स के साथ पहुंचे। कोतवाल ने समझाबुझाकर एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। इस दौरान वहां सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल, जय कौशल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजेश तिवारी, झुन्ना तिवारी, मिथलेश जायसवाल, विनय पाण्डेय, सोनू मिश्र आदि भी जुटे दिखे।

## जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए पीड़ित को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने एक युवक को जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारा पीटा। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सराय मधई गांव के रहने वाले रामचंद्र पुत्र रामनिवास ने बताया कि उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग एक राय होकर उसके छप्पर को तोड़ दिया शौचालय भी तोड़ रहे थे अभी विरोध करने पर सभी लोगों ने एक राय होकर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। जमकर मारा पीटा। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

## प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना में धीमी प्रगति पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए तेजी लाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सरस हाल में विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत छूटे हुए किसानो का शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश कृषि अधिकारी को दियें उन्होंने आवारा घूम रहें।



बैठक में अधीनस्थों को निर्देशित करते सीडीओ, व उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी।

निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दियें इसके साथ ही उन्होंने पशुओ के टीकाकरण कराने तथा ठण्ड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में आ रहीं समस्याओं को निस्तारित करते हुए तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना में धीमी प्रगति पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए तेजी लाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजना कृषि स्वास्थ्य पीडब्ल्यूडी मत्स्य विभाग वन विभाग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित आदि योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# बारात जा रही स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई बाराती हुए घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल से प्रतापगढ़ बारात जा रही बरात की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर करारी थाना क्षेत्र के पट्टी अब्दुल रऊफ गांव के पास पेड़ से टकराकर पलट गई है हादसे में स्कॉर्पियो में सवार बराती घायल हो गए हैं स्कॉर्पियो के पलटते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिए हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां घायलों का इलाज चल रहा है घटना की जानकारी घायलों के परिजनों को पुलिस ने दे दी है। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के बुद्ध पुरी मोहल्ला निवासी मोहम्मद शमीम पुत्र इम्तियाज की बारात प्रतापगढ़ जनपद के



दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो।

परियावा गांव निवासी रफीक के घर जा रहे थे बराती स्कॉर्पियो से प्रतापगढ़ जनपद के लिए सराय अकिल से बुधवार की दोपहर में निकले थे जैसे ही बारातियों की स्कॉर्पियो करारी थाना क्षेत्र के पट्टी अब्दुल रऊफ गांव के पास पहुंची स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और लहरा कर सड़क की पटरी के पेड़ से टकरा गई हादसा तेज था और स्कॉर्पियो पलट गई हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिया मामले की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को दिया दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# मतदान केन्द्रों मतदान स्थलों के निर्धारण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने उदयन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के लिए नगरीय निकायों में मतदान केन्द्रों मतदान स्थलों के निर्धारण के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष सचिव के साथ बैठक की बैठक में अपर जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को दिनांक 12.11.2022 तक मतदान केन्द्र मतदान स्थल परिवर्तित करने का प्रस्ताव जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय) में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस



मतदाता बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते अपर जिला अधिकारी

अवसर पर तीनों तहसीलों के उपजिलाधिकारीगण, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय हीरालाल पाल एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारीगणों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें

# आपदा कन्ट्रोल रूम किया गया स्थापित

**कौशाम्बी।** प्रभारी अधिकारी दैवी आपदा राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रयागराज में डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत जनपद में कलेक्ट्रेट कार्यालय (मंझनपुर) में आपदा/कोरोना कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष-05331-232414 एवं मोबाइल नम्बर-9454417886 है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सम्पर्क किया जा सकता है

# सरकारी अस्पताल का फटा बॉयलर 5 झुलसे

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल में चिकित्सक की व्यवस्था को संचालित करने के लिए बॉयलर लगाया गया था लेकिन देखरेख के लिए लगाया गया स्वास्थ्य कर्मचारी मौज मस्ती कर बॉयलर संचालन की जिम्मेदारी स्वीपर को छोड़ दिया था विभागीय लापरवाही के चलते बॉयलर अधिक हिट हो गया और बुधवार की दोपहर बाद लगभग 3:00 बजे बॉयलर तेज आवाज के साथ फट गया बॉयलर फट जाने से मौके पर मौजूद पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल में इलाज नहीं



बॉयलर फटने से झुलसा व्यक्ति।

मिल सका है आपातकालीन चिकित्सा के लिए मौके पर चिकित्सक मौजूद नहीं थे जिस पर घायलों को इलाज के लिए प्रयागराज

## चिकित्सा व्यवस्था से जुड़े किसी भी जिम्मेदार ने अस्पताल में बॉयलर फटने पर लापरवाही की नही ली जिम्मेदारी

के अस्पताल में रेफर कर दिया गया है जहां बताया जाता है कि 4 लोगों की हालत गंभीर है।

बताया जाता है कि सराय अकिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार की दोपहर बाद तेज आवाज के साथ बॉयलर फटने से रामसुमेर स्वीपर अर्चना काउंसलर केवला आशा बहू तथा दो अन्य मरीज गंभीर रूप से झुलस गए हैं रामसुमेर का इलाज सराय अकिल सीएससी में चल रहा है शेष अन्य चार गंभीर मरीजों को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर किया जा चुका है सराय अकिल सीएचसी में बॉयलर फटने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी लापरवाही एक बार फिर उजागर हो गई है लेकिन अभी तक चिकित्सा व्यवस्था से जुड़े किसी भी जिम्मेदार ने इस लापरवाही की जिम्मेदारी नहीं है और ना ही अभी तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लापरवाह चिकित्सक को निलंबित कर उस पर मुकदमा लिखाने का प्रयास किया है बड़ी घटना के बाद दोषियों को बचाने का भरसक प्रयास शुरू हो चुका है जो चिकित्सा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

# लहलहा रही है सरकारी तालाब और चरागाह की भूमि पर धान की फसल

## सरकारी खजाने में नहीं जमा होती फसल की रकम गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के अधिकारियों के निर्देश की उड़ रही धज्जियां

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी मंझनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनो और ग्राम पंचायत ऊनो के मजरा कुलौली में सरकारी तालाब और चारागाह की भूमि पर गांव के कुछ दबंगों द्वारा बीते कई वर्षों से खेती की जा रही है सरकारी संपत्ति में खेती करने के मामले में फसल की बिक्री की रकम सरकारी खजाने में नहीं जमा होती है कई बार ग्रामीणों ने मामले की शिकायत डीएम और एसडीएम से की लेकिन उसके बाद भी सरकारी तालाब और चारागाह की भूमि पर खेती करने के मामले पर रोक नहीं लग सकी है वर्तमान में फिर ग्राम पंचायत ऊनो और उसके मजरा कुलौली की 20 एकड़ से अधिक जमीन पर दबंगों ने धान की फसल खड़ी कर दी है इन दिनों सरकारी तालाब और चारागाह की जमीन पर धान की फसल लहलहा रही है तैयार फसल को काटने के जुगाड़ में दबंग लगे हैं लेकिन प्रशासन इतना कमजोर हो चुका है कि उसे सरकारी संपत्ति के फसल को रोकने का साहस नहीं हो पा रहा है बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी दबंग सरकारी तालाब और चरागाह की भूमि की फसल को उठा ले जाने में कामयाब होते दिख रहे हैं।

बताया जाता है कि ऊनो ग्राम सभा के मजरा कुलौली में चारागाह की भूमि और तालाब की भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर 20 वर्ष पहले खेती करना शुरू कर दिया है चारागाह की भूमि पर कब्जा कर खेती किए जाने से पशुओं को चरने की समस्या उत्पन्न हो गई है सरकारी भूमि पर कब्जा कर खेती करने वालों से लगातार लेखपाल वसूली कर मालामाल हो रहे है कई बार मामले की शिकायत कुलौली गांव के वासुदेव पुत्र बैजनाथ ने आला अधिकारियों से कर बताया कि मनरेगा योजना से इस तालाब की खुदाई सरकार ने कराई है लेकिन तालाब में दबंगों ने कब्जा कर खेती करना शुरू कर दिया है शिकायतकर्ता को लेखपाल डरा धमका कर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे है कब्जा धारकों से शिकायतकर्ता का नाम बताकर लेखपाल विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहे है ग्रामीण लगातार अधिकारियों को शिकायती पत्र दे रहे हैं लेकिन झूठी रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह कर लेखपाल सरकारी संपत्ति नहीं खाली करा रहा है सरकारी जमीन पर फसल लगाने के समय फिर वासुदेव ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर तालाब और चरागाह की भूमि पर धान की खेती और पेड़ लगा कर कब्जा किए जाने के मामले पर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद शिकायती पत्र का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण नहीं हो सका है जबकि योगी सरकार के निर्देश पर लगातार जिला अधिकारी गुणवत्तापूर्ण शिकायती पत्र का निस्तारण करने का निर्देश दे रहे हैं ऊनो ग्राम सभा की सरकारी भूमि पर खेती किए जाने के मामले में गुणवत्तापूर्ण शिकायती पत्रों का निस्तारण न होने से यह लगने लगा है कि अधिकारियों का आदेश केवल अधीनस्थों के लिए भाषण बाजी तक सीमित रह गया है।

# घटिया सामग्री से सीसी रोड और नाली निर्माण की डीएम से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत काजू में आरसीसी रोड और नाली का निर्माण कराया जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता बिहीन समान लगाकर आरसीसी रोड और नाली का निर्माण किया जा रहा है इतना ही नहीं ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही आरसीसी रोड समतल नहीं है ग्रामीणों का आरोप है कि कहीं रोड ऊंची है तो कही रोड नीची बना दी गई जिससे आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं।

जिलाधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि नाली का निर्माण भी सही तरीके से नहीं हो रहा है घटिया क्वालिटी के सामानों को लगाकर गुणवत्ता विहीन नाली का निर्माण किया जा रहा है जिससे नाली के ध्वस्त हो जाने की संभावना है ग्रामीणों ने बताया कि 9 इंच की जगह 4 इंच कि नाली निर्माण करके ठेकेदार सरकारी खजाने से रकम निकालने के जुगाड़ में लगा है ग्रामीणों ने कहा कि नाली में गहराई ना होने से नाली का पानी निकासी नहीं हो सकेगा और नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहेगा जिससे आम जनमानस को दिक्कत होगी ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार के कर्मचारी लव कुश पुत्र सिपाही लाल और बड़े लाल पुत्र चैतू निवासी काजू ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट करने पर आमादा होते हैं ग्रामीणों ने कहा कि गलत तरीके से बनाई जा रही नाली और आरसीसी रोड के निर्माण कार्य को रोककर गुणवत्तापूर्ण नाली और सड़क का निर्माण कराया जाए और गलत तरीके से नाली सीसी रोड का निर्माण करने वाले ठेकेदार विभागीय अधिकारियों की जांच करवाते हुए उन पर मुकदमा दर्ज कराकर कठोर कार्रवाई की जाए डीएम को शिकायती पत्र देने वालों में लालचंद रामदेव गया प्रसाद शंकर लाल किशन लाल मुन्नी लाल राजा लोटन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



इनामिया की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसपी।

# टप्पेबाजों के गैंग के साथ 20 हजार रुपये का इनामिया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सिराथू कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी मय हमराह उपनिरीक्षक सुनील यादव व हमराही कर्मचारीगण द्वारा मुखबिर की सूचना पर असदपुर हब्बूनगर से रुपये पैसों की धोखाधडी के थाना कड़ाधाम में 3 लाख 20 हजार रुपये की ठगी करने वाले वांछित अभियुक्त धीरज उर्फ अनुज सोनकर पुत्र चमनलाल निवासी ग्राम नरसिंहगढ़ थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ व दशरथ पुत्र सच्चन्द सोनी निवासी बिजलीपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर अभियुक्त धीरज की जामा तलाशी से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा 30 हजार 450 रुपए बरामद किया गया तथा अभियुक्त दशरथ उपरोक्त की जामातलाशी से 50 हजार 500 रुपये बरामद कर जो सम्बंधित मुकदमा थाना सैनी में 20 हजार रुपये का इनामिया है जो पुलिस पर फायरिंग करने के आरोप में पंजीकृत था दोनों अभियुक्तों के कब्जे से ठगी किए गए 03 लाख 20 हजार रुपये में से 84 हजार 950 रुपये बरामद होने पर अभियुक्तो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# गाजे बाजे के साथ सहस्त्र चंडी महायज्ञ की सामग्री की गई विसर्जित

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के प्राचीन दुर्गा मंदिर प्रांगण में सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन भक्तों द्वारा किया गया था

सहस्त्र चंडी महायज्ञ के आयोजन के संपूर्ण हो जाने के बाद बुधवार को यज्ञ सामग्री का विसर्जन बड़ी ही धूमधाम से नगर वासियों ने किया है विसर्जन के दौरान डीजे की धुन पर नाचते गाते मां का जयकारा लगाते हुए महिला पुरुष भक्तों ने नगर भ्रमण कराकर पूजन सामग्री का विसर्जन निर्धारित स्थल पर किया है



सहस्त्र चंडी महायज्ञ की सामग्री को विसर्जन करने जाते नगर वासी

पूजन सामग्री विसर्जन की यात्रा के दौरान पूरे नगर क्षेत्र में मां के जयकारे भक्तों द्वारा लगाए जा रहे थे भक्ति की धुन पर भक्त नाचते गाते विसर्जन स्थल पर पहुंचे हैं इस दौरान सहस्त्र चंडी महायज्ञ आयोजन के अध्यक्ष प्रेम चंद्र चौधरी राजन बाबू पुरुषोत्तम लाल नरेश केसरवानी सहित नगर क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष भक्त विसर्जन यात्रा में शामिल रहे।

# मैडम की स्कूटी से साइकिल सवार लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी मंझनपुर।** कोतवाली के कस्बे में सिराथू रोड पर अजहर प्लाजा के पास स्कूटी सवार एक मैडम ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी है जिससे साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल साइकिल सवार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई गांव निवासी रोहित पुत्र छठी लाल बुधवार की दोपहर को साइकिल से रेवरिया पर जा रहा था जैसे ही रोहित मंझनपुर कस्बे के अजहर प्लाजा के पास पहुँचा की सामने से तेज गति से आ रही स्कूटी सवार मैडम ने रोहित के साइकिल में टक्कर मार दी जिससे रोहित सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया आनन-फानन में लोगों ने घायल साइकिल सवार को उठाकर इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है बताया जाता है कि स्कूटी सवार मैडम घटना के बाद फरार हो गई है।



साइकिल सवार के घायल होने के बाद मौके पर लगी भीड़।

## अधिकारियों से शिकायत के बाद भी सरकारी जमीन का नहीं रुका अवैध कब्जा

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के डाहराई ग्राम पंचायत के खरौना मजरा में सरकारी आराजी नवीन परती आराजी संख्या 204 में गांव के दबंग जिलेदार ने कब्जा शुरू किया जिस पर मामले की शिकायत 21 अक्टूबर को उप जिला अधिकारी मंझनपुर से ग्राम प्रधान योगेंद्र त्रिपाठी ने किया शिकायत करने के बाद 15 दिन से अधिक का समय बीत गया है लेकिन सरकारी जमीन का अवैध कब्जा मंझनपुर तहसील से लेकर थाना पुलिस तक नहीं रोक सकी है अवैध कब्जे के स्थल पर पुलिस और राजस्व लेखपाल पहुंचे हैं लेकिन कार्यवाही करने के बजाए पिकनिक मना कर वापस लौट आए हैं जिससे लाखों कीमत की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा धारक ने निर्माण कर लिया है सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में तहसील के लेखपाल कानूनगो की लापरवाही कहेंगे या फिर सरकारी जमीन में कब्जे के मामले में राजस्व कर्मियों की संलिप्तता कही जाएगी यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन सवाल उठता है कि यदि एसडीएम से शिकायत करने के बाद अवैध कब्जा रुकने के बजाय सरकारी जमीन पर कब्जा हो जाए तो यह बड़ी चर्चा का विषय है।



गौ पूजन करते मंडल अध्यक्ष कड़ा भाजपा।

# पशु आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के सम्भूई ग्राम सभा मे पशुधन विभाग कौशाम्बी द्वारा पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन किया गया भाजपा मंडल अध्यक्ष कड़ा कमलेश निषाद ने गौ पूजन कर शिविर का उद्घाटन किया शिविर में 458 पशुओं का पंजीकरण हुआ है जिसमे127 पशुओं की चिकित्सा 180 पशुओं को कृमि नाशक दवा पान,82 पशुओं की बांझपन चिकित्सा,300 पशुओं का टीकाकरण 58 पशुओं का बधियाकरण किया गया इस दौरान पशुधन विभाग के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीपी सिंह,डॉ आरके सोनी चिकित्सा अधिकारी अझुवा डॉ रविन्द्र दुबे,संजय कुमार,मनीष कनौजिया गुरदीप सिंह,नीरज साहू,सचिन चौधरी,बृजेन्द्र केसरवानी ग्राम प्रधान अमरनाथ उपस्थित रहे यह जानकारी पशु चिकित्सा अधिकारी अझुवा डॉ आरके सोनी ने दी है।

# बुधवार की शाम को मंझनपुर कोतवाल ने पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में किया पैदल गस्त

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था की हकीकत देखने के लिए मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ बुधवार की शाम को क्षेत्र में पैदल गस्त किया है इस दौरान उन्होंने कस्बा मंझनपुर में गश्त के दौरान नगर वासियों से बातचीत कर कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था का जायजा लिया है और लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया है कस्बा मंझनपुर में पैदल गस्त के दौरान मंझनपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के साथ मंझनपुर अतिरिक्त निरीक्षक चौकी प्रभारी कादीपुर प्रभारी कस्बा मंझनपुर एवं उपनिरीक्षक हमराही पुलिस बल मौजूद रहे और उन्होंने नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए आम जनमानस से बातचीत कर शांति व्यवस्था यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा का एहसास कराया भ्रमण के दौरान पुलिस ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण ना करें कानून व्यवस्था और यातायात नियमों का पालन करें।

संपादकीय

# भारत की ताकत का रूतबा है जी-20 नेतृत्व की दिशाएं

## भारत में चुनावी राजनीति: पतन की राह

**भारत** को आज एक ऐसी पार्टी की जरूरत है जो समाज के सभी तबकों को पूरे सम्मान और गरिमा के साथ अपनाए, हमें एक ऐसी पार्टी की जरूरत है जो रोजगार और जनकल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता दे और समाज के वंचित वर्गों का ख्याल रखे। हमें ऐसी पार्टी की जरूरत है जो राजनीति और धर्म का घालमेल न करे। 'आप' ने एक साफ-सुथरी और नए किस्म की राजनीति का वायदा किया था। भारत के स्वाधीन होने के बाद हुए चुनावों में कई दशकों तक लगातार स्वाधीनता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आसानी से जीत हासिल करती रही। उस समय कांग्रेस के मुख्य विरोधियों में कम्युनिस्ट व समाजवादी पार्टियां शामिल थीं। भाजपा का पूर्व अवतार जनसंघ अपने अस्तित्व में आने के कई सालों बाद तक सत्ता में आने के बारे में सोचने की स्थिति में भी नहीं था। भाजपा भी लंबे समय तक कमजोर बनी रही। उस दौरान चुनावों में जो मुद्दे उठाए जाते थे उनमें औद्योगिक विकास, सरकारी नीतियां और कल्याण योजनाएं, राज्य का चरित्र समाजवादी होने की जरूरत, रोजगार आदि शामिल थे। उस समय 'लव जेहाद, राम मंदिर, गाय, घर वापसी, 'हिन्दू खतरे में हैं' जैसे मुद्दे दूर-दूर तक नहीं थे। उस समय समाजवाद को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था और समाजवाद की स्थापना के स्वप्न को पूरा करने की बात सभी पार्टियां कहा करती थीं। यहां तक कि जब जनसंघ के सदस्यों ने जनता पार्टी को तोड़कर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया उस समय भी उसने गांधीवादी समाजवाद का नारा बुलंद किया। आज सात दशक बाद चुनावी राजनीति में जबरदस्त गिरावट देखी जा सकती है। इस समय राजनीति में भावनात्मक मुद्दों का बोलबाला है। दुनियावी और लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े मुद्दों को दरकिनार करने की शुरूआत राम मंदिर आंदोलन से हुई थी। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद इस आंदोलन में और तेजी आई। तभी से चुनावी राजनीति में भावनात्मक और पहचान से जुड़े मुद्दों का बोलबाला शुरू हुआ। हालात यहां तक पहुंच गए कि सन् 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान किसी भी पार्टी ने 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द का एक बार भी प्रयोग नहीं किया। यह बात हमें इस चुनाव के विजेता नरेन्द्र मोदी ने स्वयं बताई। मोदी का यह मानना था कि धर्मनिरपेक्षता शब्द का चुनावी राजनीति से गायब हो जाना, संघ और भाजपा की राजनीति की सफलता का प्रतीक है।

## धूमधड़ाके से बज रहा संविधान का बाजा

बादल सरोज

**लगभग स**भी भाषाओं और सभ्यताओं में समान रूप से मिली कहानी में लिखा है, यह राजा भी वैसा ही है। बस किसी के आवाज उठाने भर की जरूरत है कि पल भर में सारा तिलिस्म ढह जाएगा। इस देश का मेहनतकश अवाम और उसके संगठनों द्वारा यह काम किया जा रहा है। यह आवाज जितनी बुलंद होगी, दक्षिण की दिशा में फिसलन पर धकेला जा रहा इतिहास उतनी ही जल्द पूरब की ओर करवट लेकर नया सूरज उगायेगा। सबके सब लोकतंत्र की छाती पर पांव रखे संविधान का बाजा बजा रहे उधर राजा पर्यटन पर है। अभी तक 66 देशों का पर्यटन कर चुका है, जिनमे से कई में अनेक बार की गई यात्राओं का जोड़ शामिल नहीं है। इन दिनों वह धुंआधार देशाटन पर है। प्रमुदित, उत्फुल्लित, आल्हादित, बालसुलभ उत्साह से उत्साहित होकर दिन में 7 बार परिधान बदल रहा है। राजतंत्र के जमाने के राजा एक ही मुद्रा में बैठकर तैलचित्र बनवाते थे, मरे हुए शेर के ऊपर पांव रखकर फोटो उतरवाते थे। उन्हीं की नकल करने की कोशिश में वह नारद स्वयंवर काण्ड दोहरा रहा है। कभी हाथ फैला कर अभिराम मुद्रा में पोज दे रहा है, कभी युवा उत्साही पर्यटकों की तरह सूरज को हथेली में लेकर तो कभी ऊंचे पर्वतीय शिखर पर हाथ रखकर फोटो सेशन कर रहा है। उसके अलावा फोटो फ्रेम में कोई और न आये इसके लिए बच्चों की तरह बिफर रहा है, नजदीक आने वालों को दुत्कार-फटकार कर किनारे कर रहा है। देश और उसकी प्रजा भले किसी हाल में हो, घटना-दुर्घटना, मौका-बेमौका हो या फिर काल या अकाल हो; राजा के लिए वह पर्यटन और नयी नयी पोशाकों के रैम्प शो और फोटो सत्रों का अवसर ही होता है। राजशाही की यह कुरूपता सिर्फ रूप में नहीं है, सार में है और अब धीरे-धीरे तेज होती हुई व्यवहार में भी आने लगी है। राजा समय-समय पर प्रजा को अपने राजत्व की याद दिलाता रहता है। उन्हें बताता रहता है कि वे उसका नमक खा रहे हैं - नमक की याद का कोहराम मचाने के लिए अपने चारण, भाट और दरबारियों को भी लगाए रखता है। हाथ नचा-नचाकर ; 'कितने दूं, 50 हजार करोड़ ? 70 हजार करोड़? चलो 75 हजार करोड़ दिए' कहकर वह यदाकदा अपनी दरियादिली भी दिखाता रहता है। बोलने को ढपोरशंख की तरह जितने मांगे जाते हैं उसका दोगुना बोलता है - देता अठन्नी भी नहीं है। मगर राजा सिर्फ मसखरा नहीं है, वह कटखना भी है। वह अपने पैने दांतों से अब तक रचे बने सब कुछ की कतर ब्यौंत कर देना चाहता है। 'जैसे जाके नदी नाखुरे, तैसे ताके भरिका, जैसे जाके बाप महतारी, तैसे ताके लरिका' की तर्ज पर जैसा राजा है वैसे ही उसके दरबारी और जमींदार है। झक्की और आभासीय सत्ता के मद में सचमुच मदमस्त। एक सनकी जमींदार केरल में है जो डॉन क्विक्जोट और साको पांजा, शेखचिल्ली और मुंगेरीलाल की तरह टीन की तलवारों को जन की ऊर्जा से लबालब सूरज और पनचक्कियों के ऊपर भांजता रहता है और ऐसा करते में खुद पर खुद ही मुग्ध होकर खुद ही को निहारता रहता है। वह अकेला नहीं है- मुम्बई में बैठे उसके बिरादरों से लेकर अलग-अलग प्रदेशों की राजधानियों में बैठे उसके सहोदर भी यही सब दोहराते रहते हैं।

ललित गर्ग

**भारत** के लिये यह गर्व एवं गौरव की बात है कि वह 1 दिसंबर से जी-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए ये ऐतिहासिक अवसर है। आजादी के अमृतकाल में यह देश के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि है, जहां से भारत के सशक्त होने एवं विश्व स्वीकार्यता की सार्थक दिशाओं का उद्घाटन होने जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्व नेता के रूप में उभर रही स्थितियों के कारण एक बड़ा अवसर देश को प्राप्त हो रहा है। जी-20 ऐसे देशों का समूह है जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 75 प्रतिशत जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। भारत अब इस जी-20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है, इसकी अध्यक्षता करने जा रहा है। निश्चित ही यह भारत के लिये एक नये सूरज के अभ्युदय का संकेत है। मोदी ने भारत की अध्यक्षता के शुभंकर और वेबसाइट का अनावरण करते हुए दुनिया को शांति के मार्ग पर अग्रसर करने के अपने संकल्प को दोहराया है। समूची दुनिया को सुखी होने का मार्ग दिखाते हुए भारत स्वयं भी उस मार्ग पर अग्रसर होगा, इसके लिये मोदी का नेतृत्व निश्चित ही नवीन दिशाओं को उद्घाटित करेगा।




संसार के सभी प्राणी सुखी हों, यह कामना वह व्यक्ति, वह नेता एवं वह राष्ट्र कर सकता है, जो सारी वसुधा को अपना परिवार समझता है, जो उदार होता है, जो शांतिप्रिय एवं अहिंसक होता है, जो अपने पराये की संकीर्ण सीमा को लांघकर प्राणीमात्र के सुख में सुखी और दुःख में दुःखी होता है। यही उदात्त विचारधारा भारतीय संस्कृति और जीवन-पद्धति की विशेषता रही है, इसी विचारधारा से वसुधैव कुटुबंकम एवं सर्वे भवन्तु सुखीन के उद्घोष हुए है। इन्हीं उद्घोषों को बल देते हुए भारत विश्व में आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता काल में गौतम बुद्ध, महावीर और महात्मा गांधी के युद्ध से मुक्ति एवं हिंसा के प्रतिरोध सिद्धांत के साथ विश्व को शांति, समाधान एवं समृद्धि की राह दिखाएगा। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विदेश मंत्रालय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जी-20 के नये प्रतीक चिन्ह एवं नारे का लोकार्पण किया और कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का नारा भारत के संस्कारों एवं संस्कृति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। नये प्रतीक चिन्ह के कमल के पुष्प पर विराजित पृथ्वी एवं कमल की सात पंखुड़ियों के माध्यम से सातों महाद्वीपों की एकजुटता और सौहार्द से समृद्धि एवं प्रगति का संदेश मिलता है।

नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में भारत की छवि लगातार बदलती जा रही है, भारत को दुनिया की महाशक्तियां भी स्थान देने लगी, उससे मार्गदर्शन लेकर अपनी नीतियों को बल देने लगी है। दुनिया को तो भारत की शक्ति का एहसास हो ही चुका है, साथ ही देशवासियों को भी भारतीय होने का गौरव महसूस होने लगा है। जी-20 यानि 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच है, इस मंच की अध्यक्षता भारत को करने का अवसर मिलता निश्चित ही एक नये, शुभ एवं श्रेयस्कर भारत का संकेत है। आज पूरी दुनिया भारत के महत्व को समझती है। दुनिया जानती है कि भारत जो कहता है वह करता है। भारत के प्रति दुनिया में बढ़ रहा विश्वास उसके प्रभावी नेतृत्व, नीतियों, नीतिपरकता, स्पष्टता और पारदर्शिता का परिणाम है।

मोदी के नेतृत्व में भारत ने नया इतिहास गढ़ा है, स्वयं को सशक्त एवं ताकतवर बनाया है। दृढ़ता एवं साफ-सुथरी शासन-व्यवस्था से दुनिया को प्रभावित किया है। आर्थिक विकास को गति दी है। यही कारण है कि अब भारत में दुनिया के कई देश बेझिझक कारोबार के अवसर तलाश रहे हैं। भारत के सामने कई चुनौतियां भी हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा और खाद्य संकट खड़ा हो चुका है। दुनिया के तमाम देशों पर मंदी का साया मंडरा रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन और चीन जैसी महाशक्तियां भी हांफ रहे हैं। दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का भी यही हाल है। कारोबार और व्यापार की चुनौतियों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन एवं प्रदूषण का संकट भी काफी बड़ा होता जा रहा है, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था पटरी पर है और पूरी दुनिया की निगाहें भारत पर लगी हुई हैं। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को ही जाता है।


भारत जी-20 नेतृत्व में निश्चित ही दुनिया को नयी दिशा एवं दृष्टि देगा। जी-20 के इस अंतर सरकारी मंच में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। भारत देशभर में विभिन्न स्थानों पर 32 विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 200 बैठकें आयोजित करेगा। अगले साल होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन, भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाले शीर्ष स्तर के अंतररष्ट्रीय सम्मेलनों में से एक अनूठा एवं विलक्षण होगा। इस सम्मेलन से दुनिया की नजरें भारत पर टिकेगी। दुनिया अब उम्मीद कर रही है कि अगर कोई देश उसे आर्थिक संकटों में जाने से बचा सकता है तो वह सिर्फ भारत ही है। भारत दुनिया की ग्रोथ का इंजन बनने की ताकत रखने लगा है। रूस-यूक्रेन युद्ध मसले पर भारत किसी भी खेमे में शामिल नहीं हुआ, बल्कि उसने अमेरिका के दबाव में आए बिना रूस से सस्ता तेल खरीदा क्योंकि भारत को अपनी जनता के हित पहले देखने हैं। अमेरिका और उसके मित्र देश रूस पर प्रतिबंधों का खामियाजा भुगत रहे हैं। यह भारत का आत्मविश्वास एवं दृढ़ता ही है जहां से दुनिया को अपनी सोच बदलने एवं विश्व को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाने की सोच को बल मिल रहा है। भारत अपनी मौलिक सोच एवं फौलादी इरादों से अपने आजादी के अमृत महोत्सव काल को अपने अस्तित्व एवं अस्मिता में आमूल-चूल परिवर्तन का जरिया बना रहा है। भारत दुनिया की एक सशक्त आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। 2029 तक वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2027 तक उसके जर्मनी और 2029 तक जापान से आगे निकल जाने का अनुमान है। हाल ही में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए उसने दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में जगह बना ली है। अब वह सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। 20-जी शिखर सम्मेलन की स्वागत भूमि बनकर भारत अपने सशक्त एवं विकसित होने के गौरव को नये आयाम देगा। अपनी उपस्थिति एवं नेतृत्व से दुनिया का ध्यान खींचेगा। भारत कोरा आर्थिक विकास ही नहीं कर रहा है, बल्कि सांस्कृतिक एवं लोकतांत्रिक विकास भी कर रहा है। वह खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा, वाणिज्य कौशल की पहचान और आर्थिक अपराधों पर नियंत्रण के लिये नयी भूमि को तैयार कर रहा है। भारत स्वच्छ ऊर्जा की ओर बहुत ध्यान दे रहा है। भारत उन देशों में है जो बहुत तेज गति से इलैक्ट्रिक वाहनों को अपना रहा है और इस दिशा में निवेश कर रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य एवं कृषि से जुड़े विषयों में भारत ने अनूठी उपलब्धियां हासिल की है। सऊदी अरब और भारत के बीच संबंध मधुर हैं। दोनों देश तेल-गैस के व्यापार के अलावा रणनीतिक भागेदारी और प्रवासी कामगारों को लेकर भी करीब से जुड़े हैं। ऐसे में सऊदी अरब का ब्रिक्स में शामिल होना भारत के हित में होगा। आजादी के इस अमृतकाल में देश के सामने जी-20 के नेतृत्व के रूप में एक बड़ा अवसर आया है। ये हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है, गौरव बढ़ाने वाली बात है। यह देश के सामर्थ्य का प्रतीक है। भारत इसे नई जिम्मेदारी के रूप में देख रहा है। देशवासियों को इस जिम्मेदारी पर खरा उतरना होगा। हमने गुलामी और अत्याचारों के दिन भी देखें हैं। अब भारत को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होते हुए दुनिया में शांति, सुख एवं समतामूलक विकास का माध्यम बनना है। शुभ के स्वप्न को आकार देने के लिये हमें भगवान महावीर के इस संदेश को जीवन से जोड़ना होगा-खणं जाणाहि पंडिए- हम क्षणजीवी बने।

> रूस-यूक्रेन युद्ध मसले पर भारत किसी भी खेमे में शामिल नहीं हुआ, बल्कि उसने अमेरिका के दबाव में आए बिना रूस से सस्ता तेल खरीदा क्योंकि भारत को अपनी जनता के हित पहले देखने हैं। अमेरिका और उसके मित्र देश रूस पर प्रतिबंधों का खामियाजा भुगत रहे हैं

# सीयूईटी : शिक्षा में मिले समान अवसर

डॉ. सीमा सिंह

**बिहार** के एक गांव में कोरियन भाषा में अपना भविष्य देखने वाला युवा यह जानता ही नहीं था की जेएनयू के अलावा भी किसी और विश्वविद्यालय में इसकी डिग्री स्तर पर पढ़ाई होती है। जेएनयू में एडमिशन नहीं हो पाने के कारण उसे अपना सपना छोड़ किसी और कोर्स में दाखिला लेना पड़ा। यह किसी एक युवा के साथ नहीं घटता बल्कि अधिकतर इसी समस्या से जूझ रहे हैं। पहली बार देश में सीयूईटी ने सभी युवाओं को ऐसा मंच दिया जहां 44 केंद्रीय विश्वविद्यालय में मौजूद सैकड़ों कोर्सेस को देखा जा सकता है। इनमें से अपने मतलब के कोर्स का चयन कर युवा अपने बेहतर भविष्य के आगे का रास्ता तय कर सकता है । देश का युवा बेहतर भविष्य की चाह में अपने पसंद के कोर्स में एडमिशन लेने के लिए अक्सर अन्य राज्यों का रुख करता है। पुरानी चयन प्रक्रिया जो कट ऑफ के माध्यम से होती थी उसके लिए रोड़ा सिद्ध होती है, क्योंकि उसका बोर्ड अन्य बोर्ड की तरह उतने नंबर नहीं देता है। हर स्टेट बोर्ड में नंबर की प्रक्रिया भिन्न होती है। कुछ बोर्ड अपनी चेकिंग ऐसी रखते हैं जिससे बच्चों को उतने नंबर प्राप्त नहीं हो पाते जबकि कुछ बच्चों को खुलकर नंबर देने के पक्षधर होते है। इस बार कई विश्वविद्यालयों ने सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) के माध्यम से एडमिशन लिया। सीयूईटी में अभी तक 79 विश्वविद्यालय भाग ले चुके हैं, जिसमें केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या 44 है, राज्य बोर्ड से अभी तक 12 विश्वविद्यालय इससे जुड़ चुके हैं, डीम्ड विश्वविद्यालय की संख्या 13 और 21 प्राइवेट यूनिवर्सिटी हिस्सा बन चुके हैं। इस चयन प्रक्रिया के शुरूआती नतीजे अब देखे जा सकते है। दिल्ली विश्वविद्यालय को ही देख लीजिये यहां सत्तर हजार सीट पर लाखों संख्या में फॉर्म भरे जाते रहे हैं। पहली बार विश्वविद्यालय में सीयूईटी के माध्यम से प्रक्रिया सम्पन्न हुई है, इसके नतीजे भी चौकाने वाले मिले है। कई बार देखने में आया है की एक ही राज्य के बच्चे का किसी-किसी कोर्स में बहुतायत, अन्य राज्य के विद्यार्थियों को कम अंक प्राप्त होने के कारण कट ऑफ में नाम नहीं आता था। विश्वविद्यालय में लम्बे समय से यह कवायद चल रही थी की एंट्रेंस के माध्यम से बच्चों का चयन हो। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार इस बार केरल बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन के छात्रों की संख्या, जो गत वर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों में दूसरी सबसे अधिक थी, कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) की शुरूआत के बाद इस प्रवेश सत्र में सातवें स्थान पर आ गई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से देश भर में कई स्कूल संबद्ध हैं और इस कारण विभिन्न राज्यों के आवेदकों की संख्या इस वर्ष भी सबसे अधिक है जिसके बाद काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन का स्थान है। सीट आवंटन के दूसरे राउंड के बाद उपलब्ध प्रवेश संबंधी आंकड़ों के अनुसार, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के राज्य शिक्षा बोर्डों के विद्यार्थियों की संख्या केरल बोर्ड के विद्यार्थियों से अधिक है। इस साल डीयू ने एक नई प्रवेश नीति आरंभ की है जिसके अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों में छात्रों का प्रवेश सीयूईटी स्कोर के आधार पर किया जाता है। अब बोर्ड परीक्षा का स्कोर अर्हक अंक ही माना जाएगा और यह सुनिश्चित किया गया है कि "अंकों को बढ़ाने" के कारण अक्सर किसी विशेष बोर्ड के छात्रों द्वारा अधिकतर सीटें भरने संबंधी विसंगति उत्पन्न नहीं हुई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह कहते हैं कि- "सीयूईटी ने सभी को एक साझा मंच और समान अवसर प्रदान किया है, क्योंकि अलग-अलग बोर्डों के अपने नियम, विनियम और मूल्यांकन के तरीके हैं। हम इस असमानता को कम करना चाहते थे और सीयूईटी एक अच्छा विकल्प है क्योंकि यह एक समान मंच प्रदान करता है। गत वर्ष, पहली दो कट-ऑफ लिस्ट के बाद हिंदू कॉलेज में बीए (विशेष) राजनीति विज्ञान में दाखिला लेने वाले 146 छात्रों में से 120 छात्र केरल बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन से थे। पहली लिस्ट में पाठ्यक्रम के लिए कट-ऑफ 100 फीसदी थी। वर्ष 2016 में, तमिलनाडु राज्य बोर्ड के छात्रों ने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में अधिकांश सीटों पर प्रवेश मिला था, जहां निर्धारित कट-ऑफ 98 फीसद थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि हालांकि, यह इस बात का कोई संकेत नहीं है कि किसी विशेष क्षेत्र के छात्रों को डीयू में प्रवेश नहीं मिल रहा है क्योंकि सीबीएसई के देश भर में संबद्ध स्कूल हैं। प्रवेश सत्र 2021-22 के अंत में, तत्कालीन कुलपति योगेश त्यागी ने यह अध्ययन करने के लिए नौ सदस्यीय पैनल का गठन किया था कि केरल बोर्ड के छात्रों को इतनी अधिक संख्या में प्रवेश किस कारण मिला। डीन ऑफ एडमिशन डीएस रावत की रिपोर्ट में यह पाया गया कि भारत में राज्य बोर्डों में मार्किंग स्कीम में अत्यधिक भिन्नता थी। इतने कम समय में सीयूईटी के माध्यम से इतने विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया करा कर डीयू ने इतिहास रच दिया। डीयू ईसी मेम्बर प्रो. वीएस नेगी ने इसकी सफलता के लिए डीयू वीसी योगेश सिंह को बधाई देते हुए विद्यार्थियों का स्वागत किया।



प्रोफेसर नेगी का मानना है कि दिल्ली विश्वविद्यालय का इतने कम समय में देश भर के लाखों छात्रों को एक समान मापदंड पर लाकर मूल्यांकन करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रारंभिक सत्र में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना अपने आप में एक अप्रत्याशित सफलता है।

# जीवाश्म ईंधन पर नियंत्रण विश्व में प्रमुख युद्धों का कारण

नीलांजन बानिक और गुइडो कोजी

**मुद्रस्फीति** में उतार-चढ़ाव उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए बुरी खबर है। मुद्रास्फीति की अस्थिरता जीवाश्म ईंधन पर हमारी अत्यधिक निर्भरता का परिणाम है, और इसी तरह कई संघर्ष, तानाशाही और जलवायु परिवर्तन भी। एक अनिश्चित आर्थिक वातावरण भय को भड़काता है और उच्च रक्षा खर्च को प्रेरित करता है जबकि इसे सामाजिक कल्याण उपायों तथा पर्यावरण पर खर्च किया जा सकता है। इस सदी के अंत तक पृथ्वी एक रहने योग्य स्थान नहीं रहेगी यदि वर्तमान औसत तापमान 2.5 सेल्सियस बढ़ा, जैसा कि अभी रूझान है। नवीनतम प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन के बदतर होने के साथ, दुनिया जो पहले से ही घातक गर्मी की लहरों, बाढ़ और सूखे, तूफान के एक नियमित दौर का सामना कर रही है, को संभावित अपरिवर्तनीय प्राकृतिक आपदाओं से जूझना पड़ सकता है, जिससे कम से कम 3.3 बिलियन लोगों का जीवन दुष्प्रभावित हो सकता है। इन सभी का संबंध जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता और परिणामी ग्रीनहाउस उत्सर्जन से है। वास्तव में, एक और गहरा पक्ष है। जीवाश्म ईंधन पर नियंत्रण प्रमुख युद्धों का एक कारण है, जिसका अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लेकिन युद्ध क्यों? विश्व ऊर्जा भौगोलिक रूप से स्थानीय संसाधनों पर निर्भर करती है, जिसमें बड़ी मात्रा में जीवाश्म ईंधन पृथ्वी के छोटे क्षेत्रों में केंद्रित है। इसलिए, कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस क्षेत्रों पर नियंत्रण अत्यधिक मूल्यवान है। सीमावर्ती देश उन्हें हथियाने के लिए तमाम बहाने करते हैं तथा धर्मों, भाषाओं, गठबंधनों आदि का दुरूपयोग करते हैं। पिछले शांति समझौते को तोड़ते हुए, शक्ति संतुलन में अस्थायी परिवर्तन होते ही संघर्ष अचानक शुरू हो जाते हैं। इतिहास ने बार-बार दिखाया है कि जीवाश्म ईंधन पर नियंत्रण कुछ सबसे बड़े युद्धों का कारण रहा है। इस पर विचार करें। अगला वर्ष रुहर (1923-1925) के कब्जे का शताब्दी वर्ष है। रुहर क्षेत्र राइन नदी के चारों ओर फैला हुआ है, जो फ्रांस और जर्मनी की सीमा में है। फ्रांसीसी और बेल्जियम के सैनिकों ने खनिज और औद्योगिक रूप से समृद्ध रुहर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, क्योंकि जर्मनी प्रथम विश्व युद्ध के दौरान हुए मरम्मत सौदे के हिस्से के रूप में फ्रांस को कोयला नहीं भेज रहा था। इस कब्जे के कारण जर्मन मुद्रा और अर्थव्यवस्था दुष्प्रभावित हो गई, जिसके बाद जर्मनी ने अंततः द्वितीय विश्व युद्ध की शुरूआत का नेतृत्व किया। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के लगभग 45 साल बाद, जब सद्दाम हुसैन ने पड़ोसी कुवैत पर आक्रमण किया, तो जीवाश्म ईंधन (पेट्रोलियम) का स्वामित्व एक और वैश्विक संघर्ष का केंद्र बन गया। कुवैत पर एक जीत ने इराक को दुनिया की अग्रणी ऊर्जा शक्ति बना दिया होगा, जो अरब और फारस की खाड़ी दोनों क्षेत्रों पर हावी है, जो पृथ्वी के तेल भंडार के बड़े हिस्से की जगह है। अगर इराक को जीतने दिया गया तो अमेरिका और उसके सहयोगी शक्ति संतुलन में इस नाटकीय बदलाव को स्वीकार नहीं कर सकते थे। अब रूस और यूक्रेन से जुड़े वर्तमान संघर्ष को लें। डोनबास क्षेत्र में एक समृद्ध कोयला भंडार है। नीपर-डोनेट्स्क क्षेत्र और आजोव का काला सागर सहित अन्य भाग प्राकृतिक गैस का एक समृद्ध स्रोत है, जो उर्वरकों के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। इससे पहले 2014 के दौरान, क्रीमिया पर रूसी आक्रमण काला सागर क्षेत्र में तेल और प्राकृतिक गैस भंडार पर नियंत्रण से संबंधित है। रुहर क्षेत्र की तरह, जिसमें काफी जर्मन आबादी थी, फ्रांस और बेल्जियम द्वारा कब्जा कर लिया गया था। इस बार डोनबास, नीपर, डोनेट्स्क और लुहान्स्क क्षेत्रों में रूसी बोलने वाली आबादी काफी है जिसके कारण उस क्षेत्र पर दावा किया गया है। अधिक चिंताजनक बात यह है कि इन संघर्षों ने ऊर्जा मूल्य को अस्थिर कर दिया जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उदाहरण के लिए, 1973 के योम-किप्पुर युद्ध और उसके बाद के सऊदी प्रतिबंध को लें, जिससे दुनिया भर में गतिरोध पैदा हुआ। 1974 के दौरान, उग्र मुद्रास्फीति जो 11 फीसदी तक बढ़ गई, से लड़ने के लिए, तत्कालीन फेड अध्यक्ष, आर्थर बर्न्स ने फंड की दर को 12 फीसदी तक बढ़ा दिया, और 1975 में इसे लगभग 5 फीसदी तक कम कर दिया। लेकिन इससे कोई फायदा नहीं हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए हरित ऊर्जा

विजय गर्ग

**संघर्ष** पर अंकुश। हमारे वर्तमान भू-राजनीतिक संकट जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता से जुड़े हैं। हरित ऊर्जा एक रास्ता है हमारे समय की अराजकता और संघर्ष - चाहे वह युद्ध हो या जलवायु परिवर्तन से जुड़ी प्रलयकारी प्राकृतिक आपदाएँ - जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता है। जलवायु परिवर्तन सदियों से जीवाश्म ईंधन के अति प्रयोग का परिणाम है। और, इन जीवाश्म ईंधन से समृद्ध क्षेत्रों को नियंत्रित करने का आग्रह युद्ध के प्राथमिक चालकों में से एक रहा है। इन युद्धों ने समय-समय पर दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को मुद्रास्फीति और विकास पंगुता की पूंछ में डाल दिया है। आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं, वह पिछले 80-100 वर्षों में युद्ध, व्यवधान और मुद्रास्फीति के पहले के प्रकरणों से भिन्न नहीं है; संसाधन संपन्न क्षेत्रों पर क्षेत्रीय नियंत्रण हमेशा एक प्रेरक शक्ति रहा है। तथ्य यह है कि बड़ी मात्रा में जीवाश्म ईंधन छोटे भौगोलिक क्षेत्रों में केंद्रित हैं। इसलिए, कोयले, तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार में समृद्ध क्षेत्रों पर नियंत्रण करने की इच्छा दुनिया भर में विदेश नीति का योग और सार है। इन बेशकीमती क्षेत्रों के पड़ोसी देश, साथ ही अन्य, उन्हें हथियाने के लिए हर तरह के खेल खेलते हैं - धर्म, भाषा, गठबंधन को उस छोर तक तैनात करना। संघर्ष भी अचानक शुरू हो जाता है जब शक्ति संतुलन में अस्थायी परिवर्तन होता है, जो पहले, अक्सर नाजुक, शांति के समीकरणों को तोड़ता है। ऐतिहासिक सिंहावलोकन जीवाश्म ईंधन पर नियंत्रण ऐतिहासिक रूप से कुछ सबसे बड़े युद्धों का कारण रहा है। रुहर (1923-1925) के कब्जे की शताब्दी अगले साल आती है। रुहर क्षेत्र राइन नदी के चारों ओर फैला हुआ है, जो फ्रांस और जर्मनी की सीमा में है।

## पांच ब्लाकों में एक करोड से इंडियन आयल ने खोले आंगनबाड़ी केन्द्र



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** इंडियन आयल कारपोंशन लि सीएसआर के मद से निर्मित आदर्श आंगनबाडी केन्द्र मानिकपुर ब्लाक के खिचरी गांव में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व कार्यकारी निदेशक/राज्य प्रमुख आयुषी संजीव कक्कड की मौजूदगी में आंगनबाडी केन्द्र के बने कक्षों का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में आंगनबाडी केन्द्र पहले किराये पर या स्कूलों में चल रहे थे। अब ऐसा नहीं है। गर्भवती मां व धात्री मां का आंगनबाडी केन्द्रों में योगदान रहेगा। केन्द्र का ढांचा बनकर तैयार है। प्रधान व जिला कार्यक्रम अधिकारी मिलकर आंगनबाडी केन्द्रों से लोगों को लाभ दिलायें। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि कारपोरेशन किस तरह से पिछले क्षेत्रों में काम कर रहा है। इसमें सभी लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि जीरो से पांच वर्ष के 148 बच्चे इस आंगनबाडी केन्द्र से संचालित होंगे। जिले के पांच ब्लाकों में इंडियन आयल की ओर से 20 लाख रुपये की लागत से आंगनबाडी केन्द्र बने हैं।

कार्यकारी निदेशक/राज्य प्रमुख राजीव कक्कड ने कहा कि यह सरकारी कम्पनी है। हमारा दायित्व है कि अच्छा कार्य कर नया बदलाव लायें। जीएमएचआरआईओसी अमित चैधरी ने कहा कि आंगनबाडी केन्द्र सभी सुविधाओं से लैस रहेंगे। जिले में मॉडल आंगनबाडी केन्द्र महिलाओं व बच्चों के लिए अच्छे कार्य करेंगे। आंगनबाडी केन्द्र खिचरी में गर्भवती महिला कमला व आरती की गोदभराई, मानसी का अन्य प्रासन भी जिलाधिकारी ने कराया। समापन सीनियर मैनेजर बीएल पाल ने करते हुए सभी का आभार जताया। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, सीडीपीओ मानिकपुर अनुज प्रताप सिंह, बीएल गुप्ता, पीडी विश्वकर्मा, प्रधान सुशीला देवी, आंगनबाडी शान्ती देवी आदि मौजूद रहे।

## नहरों की सफाई न होने पर भाकियू करेगा आन्दोलन



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाकियू की मासिक किसान पंचायत ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी जसवंत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर रमेशचंद्र पाठक, मऊ ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान पाल एवं सदर तहसील कर्वी अध्यक्ष नरेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को भाकियू की किसान पंचायत में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने सौंपे ज्ञापन में कहा कि लगातार मांग करने के बाद भी नहरों की सिल्ट सफाई एवं क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत का कार्य पूरा नहीं किया जा रहा। पयस्वनी डायवर्जन डैम समेत सभी बांधो पर पाटे लगते हुए पानी संरक्षित किया जाए। दस दिन के अंदर नहरों की सफाई न होने पर भाकियू आंदोलन को बाध्य होगा। ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह ने डीएपी खाद की किल्लत से किसान रबी की फसल बुवाई को लेकर परेशान है।

समितियों में खाद नही मिल रही। किसान समितियों के चक्कर लगाते रहते हैं। जिला प्रशासन खाद की भरपूर उपलब्धता नही करा पा रहा। पहाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह ने बताया कि स्थाई व अस्थाई गौशालाओं में शासन की मंशानुसार गौशालाओं को संचालित नही किया जा रहा। जिला प्रशासन अन्ना जानवरों को संरक्षित करने में फेल साबित हो रहा है। किसी गौशाला में प्रतिदिन जनवरो की संख्या का बोर्ड नही लगाया जाता।

भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि मंडी परिसर कर्वी में किसान भवन बन कर तैयार है। एक कर्मचारी को नियुक्ति कर भवन को संचालित किया जाए, ताकि किसान लाभ उठा सकें। ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर रमेशचन्द्र पाठक ने पलेवा को बिजली देने की मांग उठाई। ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान पाल ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त किसानों का मुआवजा दिलाने की मांग की। किसान पंचायत में कुलदीप सिंह पटेल, विजय सिंह, रामेश्वर सिंह, राम नारायण मिश्रा, छेदीलाल, कमलेश पटेल, राजकुमार, नरेश तिवारी, नीलकंठ द्विवेदी, शिवदयाल बघेल, अर्जुन सिंह, सधोप्रसाद, देवनारायण यादव, उदयनारायण सिंह व मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## मांगों के समर्थन में इंजीनियरों ने किया प्रदर्शन




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोनिवि की केन्द्रीय कार्यकारिणी के प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग के दिये आश्वासन एवं भारतीय रोड कांग्रेस के 81वें वार्षिक सत्र के प्रस्तावित कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में संघर्ष स्थगित कर दिया गया था। लम्बित समस्याओं के निराकरण को डिप्लोमा इंजीनियर्स में आक्रोश व्याप्त है।

बुधवार को डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोनिवि ने लम्बित समस्याओं के निराकरण न होने के चलते आक्रोश जताते हुए लोनिवि परिसर में धरना देकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। अवर अभियंताओं ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण न होने की दशा में 17 से 19 नवम्बर तक कार्य बहिष्कार एवं 19 नवम्बर को समस्याओं का निस्तारण न होने पर शाम पांच बजे से अनवरत कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता इं बसंत सिंह ने की। धरने में जनपद सचिव इं रजनीकान्त मौर्य, इं निखिल सिंह, इं अजीत कुमार, इं मनोज कुमार पाल, इं अशोक साहू, इं अमित कनौजिया, इं अखिलेश कुमार यादव, इं ओमप्रकाश, इं प्रबल प्रताप सिंह, इं राजधर विश्वकर्मा, इं कंधईलाल, इं सिंधुराज, इं रामबलि गिरि, इं सरोज कुमार, इं ज्ञानेन्द्र सिंह, इं जयप्रकाश, इं ओमप्रकाश पटेल, इं जितेन्द्र सत्यार्थी, इं प्रदीप गुप्ता, इं शिरीन खान मौजूद रहे।

## जिले में चलेंगी 36 सिटी बसें: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सिटी डेवलपमेन्ट प्लांट की बाबत मैनहार्ट कम्पनी के प्रतिनिधियों से डिजिटल साइनेट, रामघाट का सुन्दरीकरण, यात्री धर्मशाला, वाटर सप्लाई, रामघाट डवलपमेंट, बोट, वेंडर्स स्टाफ, लक्ष्मण घाट, गणेश बाग, कोठी तालाब, सिटी बस, वाईफाई, डोर-टू-डोर कनेक्शन, वाटर टैक्स, कामर्सियल चार्ज, सीवेज टैक्स, मन्दाकिनी दर्शन, स्टेट यूनिवर्सिटी, ट्रांसपोर्ट आदि की बाबत बिन्दुवार चर्चा की।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि रामघाट में पत्थर लगाने की स्थिति को शामिल करें। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। प्राइवेट निर्माण पर नियंत्रण करें। नये कांस्ट्रक्शन की हाइट देखें। साडा के साथ मिलकर नये कांस्ट्रक्शन की समीक्षा करें। जो पैसा दिया जा रहा है, उसमें आउटपुट होना चाहिए। परिक्रमा मार्ग में पर्यटन व अन्य विभागों से हो रहे कार्यो का डिजिटल साइनेट भी किया जाये।

पर्यटन में सफारी, स्पोर्ट, होटल आदि का सर्वे तहसीलदार के साथ करें।

उन्होंने कहा कि सिटी बस सर्विस के तहत जिले में 36 बस चलेंगी। मन्दाकिनी प्लान करने को एडीएम न्यायिक के साथ चर्चा करें। इस मौके पर एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, एक्सईन साडा मनोज उपाध्याय, जेई साडा ओपी द्विवेदी, मैनहार्ट एसोसिएट डायरेक्टर निशांत गोयल, मैनहार्ट टीम लीडर मिशा टंडन, मैनहार्ट फाइनेंसियल ऋषि आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी ने किया थाना आसीवन का औचक निरीक्षण



**उन्नाव ।** पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी द्वारा जनपद के थाना आसीवन का निरीक्षण किया गया! निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, मालखाना, मेस , बैरक व महिला हेल्पडेस्क आदि को पारख अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया!अभिलेखों की प्रविष्टियों की गहनता पूर्वक जांच कर पुलिस कप्तान ने संबन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये! तथा मेस में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी जांचा गया! निरीक्षण के दौरान बांगरमऊ सर्किल ऑफिसर भी उपस्थित रहे!

## विधायक बंबा लाल दिवाकर के साथ एसपी दिनेश त्रिपाठी ने किया राजसूय यज्ञ शाला का निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश उन्नाव**
**सफीपुर उन्नाव ।** बुधवार को सुपरिटेंडेंट ऑफ उन्नाव पुलिस दिनेश त्रिपाठी ने सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर के साथ थाना आसीवन क्षेत्रांतर्गत मियागंज में दिनांक 10.11.2022 को आयोजित होने वाले राजसूय यज्ञ की यज्ञशाला एवं यज्ञ परिसर का निरीक्षण किया । और सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ एवं थानाध्यक्ष आसीवन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । इसी के साथ अन्य व्यवस्थाओं पर भी एसपी ने विधायक अंबालाल दिवाकर से चर्चा करते हुए विस्तृत जानकारी कर आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने की बात कही ।

## मुस्लिम महिला के साथ हुई अभद्रता

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सीतापुर पुलिस चैकी क्षेत्र मुस्लिम बस्ती की शबा बानो पुत्री अहमद अली ने कर्वी कोतवाल को लिखे पत्र में कहा कि रात्रि को उसके घर में घुसकर कुछ लोगों ने अभद्र बर्ताव कर मारपीट की है।

बुधवार को पुलिस चैकी क्षेत्र सीतापुर के मुस्लिम बस्ती की शबा बानो ने कर्वी कोतवाल को दी तहरीर में कहा कि इमाम बाडे के पास के घर में पुरुषों की गैरहाजिरी में वह अकेली कौसरी बानो एवं अफसरी बानो के साथ थी। रात 12 बजे से एक बजे के बीच दारु पीकर शहरुख पुत्र हनीफ, शरीफ पुत्र हनीफ व तीन-चार अज्ञात लोग घर में घुस आये। शहरुख की मां नफीसा ने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। पीडिता का मोबाइल फोन तोडकर घर का सारा सामान भी तोड-फोड दिया।

पीड़िता ने बताया कि उसके साथ मारपीट व अभद्र बर्ताव करने के साथ जबरदस्ती भी की गई। पिछले कई दिनों से ये हरकतें हो रही हैं। पीडिता ने इलाका पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## डीएम बोले: 50 छात्रायें सीखेंगी मोटर ड्राइविंग




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने छत्रपति साहूजी महाविद्यालय कर्वी में पंख योजना के सेकेंड फेज का शुभारम्भ कर कहा कि पचास छात्रों को दो पहिया व चारपहिया वाहन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ये खुद में अनोखे कार्य के साथ खुद की पायलेट योजना है।

बुधवार को जिलाधिकारी ने छत्रपति साहूजी महाराज महाविद्यालय कर्वी में कहा कि योजना में प्रशिक्षण निःशुल्क छात्राओं को दिया जायेगा। सत्यसाईं ड्राइविंग स्कूल प्रशिक्षण करा रहा है। छात्रायें आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बन सकती हैं। महिला सशक्तिकरण और रोजगार में बढोत्तरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि एडीएम वंदिता श्रीवास्तव व एआरटीओ को धन्यवाद ज्ञापित कर रहा हूं कि इस कार्य को आगे बढा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहला बैच पास हो गया है। सेकेंड फेज का कार्यक्रम दस नवम्बर से दस दिसम्बर तक चलेगा। जो चारपहिया वाहन सीखेगा, अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि अपने से ड्राइव कर रहे हैं, जीवन में बहुत बडा बदहाल जायेगा। समाज में एक अलग पहचान बनेगी। छात्राओं में रोजगार की भावना बढेगी। महिला सशक्तिकरण का संदेश जायेगा। इस मौके पर एआरटीओ प्रदीप कुमार, प्राचार्य डॉ आरती गुप्ता, प्रवक्ता डॉ कविता गौतम, प्रवक्ता डॉ सुमन शुक्ला, सत्यसाईं ड्राइविंग स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### खबर का असर

## दो दिन में भवन निर्माण दुरुस्त न होने पर होगी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रभावशाली स्कूल संचालक अशोक गुप्ता के प्रशासन को गुमराह कर आवासीय भवन के स्थान पर व्यवसायिक भवन के निर्माण करने पर प्राधिकरण के अवर अभियंता आनन्द द्विवेदी ने कडी चेतावनी देते हुए कहा है कि कार्य करने पर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी। दो दिन के अन्दर व्यवसायिक भवन को दुरुस्त न कराने पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

ज्ञात है कि रेलवे स्टेशन के सामने की गली में संचालित सेठ मूलचन्द्र विद्या मन्दिर के संचालक अशोक गुप्ता ने अपनी पत्नी प्रतिभा के नाम पर आवास का नक्शा बनवाकर भवन बना रहे हैं। दो मंजिला आवासीय भवन का नक्शा पास कराकर मौके पर चार मंजिला व्यवसायिक भवन बना रहे हैं। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव ने काम बन्द न होने पर कर्वी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को पत्र भेजकर काम रुकवाया था। कुछ दिन काम बन्द रखने के बाद अशोक गुप्ता ने पुनः पर्दे लगाकर काम शुरू करा दिया।

इस मामले की खबर चलने के बाद जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के कडे निर्देश के बाद प्राधिकरण के जेई आनन्द द्विवेदी ने मौके पर स्टाफ कर्मियों को भेजकर मुआयना करवाया। मौके पर काम होते देखकर अशोक गुप्ता को कडी चेतावनी दी कि तत्काल काम न बन्द होने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी। आवासीय भवन को व्यवसायिक में दुरुस्त न कराने पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

## बांगरमऊ में विदाई समारोह में समाहर्ता पद से रिटायर कर्मचारी को अंगवस्त्र भेंट किए गए



**अखंड भारत संदेश**
**बांगरमऊ उन्नाव ।** बांगरमऊ नगर पालिका में सेवानिवृत्त कर्मी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया खबर के अनुसार इस्लामुद्दीन नगर पालिका कार्यालय में कार्यरत थे । बुधवार को उनकी सेवा समाप्त होने पर नगर पालिका अध्यक्ष इजहार खां नगरपालिका ई ओ सहित सभी सभासद मौके पर मौजूद रहे ।

लोगों ने माला फूल पहनाकर अवकाश प्राप्त कर्मी को सम्मानित किया और अंगवस्त्र भेंट कर उसे विदाई दी गई । यहां पर बता दें नगरपालिका कर्मी इस्लामुद्दीन 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए थे लेकिन बुधवार को उनके रिटायर मेंट का आयोजन किया गया । जिसमें चेयरमैन इजहार खां, राकेश, आन्नद सिंह अर्कवंशी, सहित सभी नगर पालिका बांगरमऊ कर्मचारी मौजूद होने के साथ सभासद मौके पर मौजूद रहे । इजहार खां गुड्डू ने कहा इस्लामुद्दीन की तरह ही हर कर्मचारी को अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाना चाहिए । जिन्होंने अपनी ड्यूटी को पहले प्राथमिकता दी और अब तो इस्लामुद्दीन पर और भी जिम्मेदारी बढ जाती है । कि परिवार की जिम्मेदारी के साथ समाज में युवा पीढ़ी को भी अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए सीख देना भी एक बहुत बड़ी बात होगी । क्योंकि युवा पीढ़ी को सही दिशा में निर्देशन कराना अत्यधिक कठिन कार्य होता है । सभी ने इस्लामुद्दीन को भविष्य में सही सलामत रहने की दुवा की ।

## 300 गरीब बच्चों को कॉपी - पेन - पेंसिल इरेजर कटर आदि का वितरण

**वाराणसी मिजार्मुराद ।** मंगलवार कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रोटरी क्लब वाराणसी नार्थ के द्वारा कापी पेंसिल इरेजर कटर आदि का वितरण कार्यक्रम अघोरेश्वर गुरुकुल गंगा तट जलीलपुर चंदौली में पढ़ने वाले 300 गरीब बच्चों के बीच किया गया। इस परियोजना के लिए समस्त सहयोग रोटरी क्लब वाराणसी के सम्मानीय सदस्य रोटेरियन अशोक सुल्तानिया ने स्वयं से आगे आकर किया।

## मजबूती से निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: प्रान्तीय अध्यक्ष




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रान्तीय अध्यक्ष/प्रभारी चित्रकूट-झांसी अनिल यादव का कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में जोरदार स्वागत कर पार्टी कार्यालय में बैठक कराई।

बुधवार को पार्टी कार्यालय में प्रान्तीय अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत करने को सभी लोगों को एकजुट होकर काम करना है। जो पदाधिकारी निष्क्रिय हैं, उसकी जगह नये पदाधिकारी की तत्काल नियुक्ति कर प्रदेश को भेजकर अनुमोदन करायें। संगठन में जो अनुशासनहीनता करें, उस पर तुरन्त कार्यवाही की जायेगी। निकाय चुनाव कांग्रेस मजबूती से लडेगी। अपना आवेदन जिला कांग्रेस कमेटी को दे दें। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा पर निकले हैं। भाजपा धर्म-जाति के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही हैं। देश में महंगाई, भ्रष्टाचार से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। कांग्रेस भारत जोडो यात्रा प्रत्येक नगर पंचायत के सभी वार्डों में निकालेगी।

प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस में जनता के हितों के लिए हमेशा संघर्ष किया है। आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि निकाय चुनाव में कांग्रेस को जिताने का काम किया जायेगा। इस मौके पर रंजना बरातीलाल पाण्डेय, निर्मला भारती, अनिल गुप्ता, कालीचरन राजपूत, मेंहदी हसन, गज्जू प्रसाद फौजी, विजयमणि त्रिपाठी, रमादत्त मिश्रा, राजकुमार गर्ग समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## कमेटी ने तीन जोडों का निकाह कराकर दी भेंट




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी ने पांचवीं शादी सामूहिक विवाह हाजी रज्जन अली कम्पाउंड कोलगदहिया में सम्पन्न कराया। तीन जोडों का निकाह सम्पन्न हुआ।

बुधवार को गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी ने किस्मत बानो हमराह नफीश अहमद मानिकपुर, महक खान हमराह रहमान अली निवासी बांदा, मनतशा हमराह शहंशाह निवासी कानपुर का निकाह कराया। कमेटी की ओर से बतौर उपहार 25 हजार रुपये नकद व एक सिलाई मशीन दी गई। शादी कराने का उद्देश्य समाज को संदेश देना है कि तमाम फिजूलखर्ची से बचा जाये। सम्मेलन में कमेटी के पदाधिकारी हाजी रज्जन अली, हाजी डॉ अफसरउल्ला खां, अब्दुल जलील सिद्दीकी, जावेद खां, मुस्ताक अहमद खां, हाजी अख्तर फराज, मो गुलाब खां, फराज खां, हैदर अली व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

खासतौर पर सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, सपा नेता मान सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मुफ्तीसलाउद्दीन, साबिर साहब मौलाना, ऐनुल हक साहब, मौलाना एतबार, हाफिज खुर्शीद आलम आदि मौजूद रहे। -------------------

## मासूम बच्ची के साथ बुजुर्ग ने किया दरिंदगी

**मथुरा। वृंदावन नगर** में मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। एक बुजुर्ग व्यक्ति ने मासूम बच्ची के साथ हैवानियत की है। उसने मासूम के साथ पहले छेड़छाड़ की। इसके बाद उसके प्राइवेट पार्ट में मोमबत्ती डाल दी। बदहवास हालत में घर पहुंची बच्ची ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उधर, वारदात के बाद आरोपी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने वृंदावन कोतवाली में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़ित बच्ची का

मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। है पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित समुदाय विशेष की 7 वर्षीय बालिका घर के पास ही स्थित प्यारे लाल की दुकान पर सामान लेने गई थी। दुकान पर ही लगभग 65 वर्षीय प्यारे लाल ने पहले बालिका के साथ अश्लील हरकत की और फिर दुकान के अंदर ले जा कर दुराचार करने का प्रयास किया। उसके बाद बच्ची को दस रुपए दिए और किसी को न बताने की धमकी दी। काफी देर बाद बच्ची बदहवास हालत में घर पहुंची।

## पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान पर हमले के छह दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**- शहबाज, सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल का नाम शामिल नहीं**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हमले के छह दिन बाद इस मामले में मुकदमा दर्ज हो सका है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी के बाद मुकदमा तो दर्ज कर लिया है, लेकिन इमरान के आरोपों के अनुरूप प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आंतरिक मामलों के मंत्री राणा सनाउल्लाह और पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी मेजर जनरल फैसल नसीर का नाम इसमें शामिल नहीं किया है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लाहौर से इस्लामाबाद तक आजादी मार्च निकाल रहे थे। बीते गुरुवार को इस मार्च के सातवें दिन वजीराबाद में जफर अली खान चौक के पास इमरान खान के वाहन के पास इमरान को निशाना बनाकर गोलियां बरसाई गयीं।



ताबड़तोड़ चली गोलियों में इमरान खान सहित नौ लोग घायल हुए और हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया था।

हमले के बाद इमरान खान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आंतरिक मामलों के मंत्री राणा सनाउल्लाह और पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मेजर जनरल फैसल नसीर पर हमले की साजिश का आरोप लगाया था। इसके बावजूद अब तक मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया जा रहा था। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब प्रांत की पुलिस को 24 घंटे के अंदर इमरान खान पर हमले के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस मुकदमे में मुख्य आरोपित के रूप में घटनास्थल से गिरफ्तार हमलावर नवीद मोहम्मद बशीर का नाम शामिल किया गया है। इमरान के आरोप लगाए जाने के बावजूद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल नसीर का नाम दर्ज मामले में शामिल नहीं किया गया है। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की थी। इस पर अभी तक सुप्रीम कोर्ट ने कोई फैसला नहीं लिया है। इस बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने इमरान खान पर हुए हमले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। बिलावल भुट्टो ने कहा कि घरेलू स्तर पर इमरान खान के बारे में कोई कुछ भी सोचता हो, लेकिन यह एक पूर्व प्रधानमंत्री पर हमला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी ही चाहिए।

## रूसी विदेश मंत्री से मिले भारतीय विदेश मंत्री, यूक्रेन से बातचीत की दी सलाह

**मॉस्को।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस दौरान भारतीय विदेश मंत्री ने रूस को यूक्रेन से बातचीत की सलाह भी दी। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर दो दिवसीय रूस दौरे पर पहुंचे हैं। मॉस्को में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि इस साल हम पांचवीं बार मिल रहे हैं और यह लंबी अवधि की साझेदारी एक-दूसरे को जो महत्व देती हैं। उन्होंने इस साझेदारी को महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि उन्हें रूस पहुंचकर खुशी हुई है और ये संवाद आगे भी जारी रहेगा। दावा किया कि दोनों देशों की सरकारें विभिन्न स्तरों पर निरंतर संपर्क में हैं।

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने समरकंद में हुई भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के



बीच हुई बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है। पूरी दुनिया युद्ध के परिणाम देख रही है। इस दौरान भारत की ओर से रूस को बातचीत पर पुन~ वापस लौटने की सलाह भी दी गयी। जयशंकर ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव साफ दिख रहे हैं। आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि ये मुद्दे सतत प्रक्रिया का हिस्सा हैं, किन्तु इन दोनों का भारी प्रभाव प्रगति व समृद्धि पर पड़ता है। भारत और रूस के बीच वार्ता समग्र वैश्विक स्थिति के साथ क्षेत्रीय चिंताओं का भी समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि एक बहुध्रुवीय व असंतुलित दुनिया में भारत और रूस एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और दोनों देशों के बीच संबंध असाधारण रहे हैं।

रूसी विदेश मंत्री ने लावरोव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस समय विविध बदलावों का सामना कर रहा है। ऐसे में इसका आकलन करना भी जरूरी है कि दोनों देश अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश और तकनीकी क्षेत्रों में मिल कर श्रेष्ठ काम करें। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति ने आपस में मिलकर जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं, उन तक भी पहुंचना जरूरी है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों की मजबूती पर भी जोर दिया, जिसका भारत अभी तक एक अस्थायी सदस्य है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश इन सभी मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत कर संयुक्त प्रगति का पथ प्रशस्त करेंगे।

## पाकिस्तान सरकार ने माना, पत्रकार अरशद की केन्या में हुई थी हत्या


**इस्लामाबाद।** केन्या में पाकिस्तानी पत्रकार की मौत पर शहबाज सरकार का कबूलनामा देश की राजनीतिक तापमान को एक बार फिर बढ़ा सकता है। पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्ला ने मंगलवार को कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि पत्रकार अरशद शरीफ की केन्या में 'हत्या की गई' थी। उन्होंने कहा कि केन्या की स्थानीय पुलिस गलत पहचान का मामला बता रही है लेकिन ऐसा है नहीं। वहीं गृह मंत्री राणा सनाउल्ला का यह कबूलनामा इमरान खान की पार्टी के उन दावों को सच साबित कर रहा है जो सेना को लेकर किए गए । 49 वर्षीय अरशद शरीफ एक पूर्व रिपोर्टर और टीवी एंकर थे। अरशद शरीफ के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ करीबी संबंध थे। यह बात पाकिस्तान की शहबाज सरकार और पाक आर्मी को पसंद नहीं थी। यही कारण रहे कि पाकिस्तान सुरक्षा एजेंसियों ने इस साल की शुरुआत में उनके खिलाफ देशद्रोह और ÷राजद्रोह÷ के आरोप में मामला दर्ज किया था। सेना और पुलिस के टॉर्चर के डर से अरशद शरीफ ने पाकिस्तान छोड़ दिया और केन्या भाग गए थे। 23 अक्टूबर को केन्या की राजधानी नैरोबी के पास पुलिस चौकी के निकट अरशद को गोली मार दी गई थी। केन्याई पुलिस ने बाद में कहा था कि यह 'गलत पहचान' का मामला है। लेकिन पाकिस्तान की विपक्षी पार्टी यानी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) इस बात से इनकार करती रही है। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के सुप्रीमो इमरान खान पत्रकार की मौत की जांच की मांग कर रहे थे।

## अमेरिका में मध्यावधि चुनाव में मतदान को उमड़े लोग

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मध्यावधि चुनाव में मतदान के लिए लोग भारी संख्या में उमड़ रहे हैं। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखने को मिल रही हैं। इस मध्यावधि चुनाव के नतीजे देश का भविष्य तय करेंगे और इससे ये साफ हो जाएगा कि बाइडन के कार्यकाल के शेष दो साल में अमेरिकी संसद पर किसका नियंत्रण रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक वर्जीनिया, मैरीलैंड और वाशिंगटन डीसी में मंगलवार को मतदाताओं ने मध्यावधि चुनाव में हिस्सा लिया। अमेरिकी कांग्रेस में कुल 435 सीटें हैं, जहां सांसद दो साल के कार्यकाल के लिए काम करते हैं। वर्तमान में डेमोक्रेट्स के लिए स्थिति थोड़ी अस्थिर है, क्योंकि चैंबर को नियंत्रित करने के लिए उन्हें बहुमत हासिल करना होगा। जबकि रिपब्लिकन केवल 5 सीटें दूर है। यही वजह है कि डेमोक्रेट्स मध्यावधि चुनाव में संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रही है और रिपब्लिकन शासित राज्यों में उनके लिए जीत हासिल करना जरूरी हो जाता है। इन 435 सीटों के अलावा 100 सीटों वाली ऊपरी सदन की 35 सीटें भी शामिल हैं। यहां सीनेट सदस्य 6 साल तक रहते हैं, इनमें एक तिहाई का चुनाव हर 2 साल में होता है। वर्तमान में डेमोक्रेट्स के पास नियंत्रण है, क्योंकि डेमोक्रेट्स की जीत के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के वीटो वोट की अहम भूमिका होती है। फॉक्स न्यूज ने बताया कि इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भविष्यवाणी की थी कि डेमोक्रेट आज के मध्यावधि चुनावों में बहुत से लोगों के आश्चर्यचकित कर देंगे। सभी की निगाहें चुनाव के परिणाम पर टिकी होंगी, जो यह तय करेगी कि चैंबर का नियंत्रण कौन जीतता है।

## रूस से दूरी बनाने के दौरान भारत के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध : अमेरिका

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन नीत अमेरिकी सरकार का कहना है कि वह रूस से दूरी बनाने के दौरान भारत के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के अनुसार, ऐसे कई देश हैं जिन्होंने इस कठिन तथ्य को पहचान लिया है कि रूस ऊर्जा या सुरक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय स्रोत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब रूस के साथ भारत के संबंधों की बात आती है, तो अमेरिका ने लगातार यह स्पष्ट किया है कि यह एक ऐसा रिश्ता है, जो कई दशकों में विकसित और मजबूत हुआ है। और वास्तव में यह शीत युद्ध के दौरान बना और मजूबत हुआ जब अमेरिका, भारत के लिए आर्थिक, सुरक्षा व सैन्य भागीदार बनने की स्थिति में नहीं था।उन्होंने कहा, ''अब परिस्थितियां बदल गई हैं। पिछले 25 साल में इसमें बदलाव आया है। यह वास्तव में एक विरासत है, एक द्विपक्षीय विरासत, जिसे इस देश ने पिछले 25 साल में हासिल किया है। वास्तव में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के प्रशासन ने सबसे पहले इसकी शुरुआत की थी।'' प्राइस ने कहा कि अमेरिका ने आर्थिक, सुरक्षा और सैन्य सहयोग समेत हर क्षेत्र में भारत के साथ अपनी साझेदारी को गहरा करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, ''यह एक ऐसा बदलाव है जिस पर हम हमेशा से स्पष्ट रहे हैं, यह रातों-रात नहीं हो सकता यहां तक कि कुछ महीनों या शायद कुछ वर्षों में भी संभव नहीं है। भारत एक बड़ा देश है, एक विशाल देश है. एक बडी अर्थव्यवस्था है जिसकी कई जरूरते हैं।''



## यूक्रेन का पूर्वी क्षेत्र में बड़ा पलटवार रूस के 17 ठिकानों पर साधा निशाना

**कीव।** यूक्रेन ने रूसी सेना के खिलाफ बड़ा धावा बोलते हुए देश के पूर्वी क्षेत्र में रूसी सैनिकों के 17 ठिकानों पर हमला कर दिया है। इस हमले में रूसी सैन्य उपकरणों को भारी नुकसान पहुंचाने की बात यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने बताई है। यूक्रेन के पलटवार से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को तगड़ा झटका लगा है। दूसरी तरफ, यूक्रेन ने रूस पर दक्षिणी शहर खेरसान में खाली घरों को लूटने और सड़क पर लड़ाई के लिए सामान्य नागरिकों के लिबास में सैनिकों के कब्जा करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने कहा है कि यह युद्ध की सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक होगी।

कीव इंडिपेंडेंट की पोस्ट के मुताबिक, जनरल स्टाफ ने बताया कि यूक्रेन की सेना ने रूसी सैनिकों और सैन्य उपकरणों, पांच कमांड पोस्ट और लुहांस्क व दोनेस्क क्षेत्र में एक रूसी गोला बारूद डिपो के साथ 17 क्षेत्रों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि



रूसी सैनिक दोनेस्क ओब्लास्ट में क्रास्नोहोरिवका, बखमुत, इवानह्द, ओपितने, क्लिश्चिव्का, मैरींका, पावलिवका, वोदाने और मेयर्स्क में मौजूद थे। वहीं इंस्टीट्यूट ऑफ द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) ने कहा कि यूक्रेन में रूसी विफलताओं से सैनिकों और उनके परिवारों में आक्रोश है। उधर, रूस ने खेरसान पर दोबारा कब्जा करने के लिए यूक्रेनी हमले की प्रत्याशा में नागरिकों को बाहर निकलने के आदेश दिए हैं। इन इलाकों पर रूसी सेना ने फरवरी में किए हमले के बाद कब्जा किया है। दोनों पक्षों ने माना कि करीब तीन लाख की युद्ध पूर्व की आबादी वाले खेरसान में गत 48 घंटों में बिजली और पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।

**खेरसान से जबरन निर्वासन को यूक्रेन ने बताया युद्ध अपराध**

कीव ने खेरसान क्षेत्र को खाली कराने को जबरन निर्वासन तथा युद्ध अपराध बताया है। जबकि मॉस्को का कहना है कि वह निवासियों को सुरक्षित जगहों पर भेज रहा है। यूक्रेन ने आरोप लगाया कि घरों को खाली कराते वक्त रूसी सेना वहां बुरी तरह से लूटपाट कर रही है और कई जगहों पर चोरी भी की शिकायतें भी आ रही हैं। यूक्रेनी सेना के मुताबिक, करीब 100 दिव्यांग बच्चों को खेरसान क्षेत्र के निप्रियानी में एक चिकित्सा सुविधा से मॉस्को क्षेत्र में ले जाया गया है।

**रूस-अमेरिका में हो सकती है पहली परमाणु वार्ता**

मॉस्को। रूसी समाचार पत्र कोमर्सेंट ने बताया कि रूस और अमेरिका पहली बार सामरिक परमाणु हथियारों पर बातचीत कर सकते हैं। अखबार ने मामले पर जारी चर्चा से परिचित चार स्रोतों के हवाले से यह जानकारी दी है। इस जानकारी के मुताबिक, रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन में अपना सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से रणनीतिक स्थिरता पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत को रोक दिया है। यह वार्ता मध्य-पूर्व में संभव है।

**उ. कोरिया ने रूस को गोला बारूद की आपूर्ति करने के आरोपों को लेकर अमेरिका पर साधा निशाना**

सियोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिका पर रूस को हथियार पहुंचाने की 'मनगढ़ंत कहानी' बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने रूस को कभी भी गोला बारूद नहीं दिए। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने उत्तर कोरिया पर गुप्त रूप से रूस को गोला-बारूद की आपूर्ति का आरोप लगाया था। उत्तर कोरिया ने कहा, हम अमेरिकी कदमों को देश की छवि खराब करने के शत्रुतापूर्ण प्रयास के रूप में देखते हैं।

**बिजली लाइनें नष्ट**

यूक्रेन में जिस तरह रूसी सेना लगातार हमले कर रही है उससे पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में बिजली और पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई?है। यूक्रेन ने इसके लिए रूस को युद्ध अपराध का दोषी ठहराया जबकि रूसी अफसरों ने इसके लिए यूक्रेनी तोड़फोड़ को जिम्मेदार माना है। अब तक 1.5 किमी बिजली लाइनें नष्ट हो गई हैं।

## कैरी ऑन और हैरी पॉटर स्टार लेस्ली फिलिप्स का 98 वर्ष की आयु में निधन

**वाशिंगटन।** फिल्मों की बेहद लोकप्रिय 'कैरी ऑन' सीरीज में अपनी भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध और 'हैरी पॉटर' में सॉर्टिंग हैट को अपनी आवाज देने वाले ब्रिटिश हास्य अभिनेता लेस्ली फिलिप्स का लंबी बीमारी के बाद 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वैराइटी के अनुसार, फिलिप्स ने 'हैरी पॉटर' फिल्मों में सॉर्टिंग हैट को अपनी आवाज दी थी। उन्होंने अपने 80 से अधिक वर्षों के फिल्मी करियर के दौरान 200 से अधिक फिल्मों, टीवी और रेडियो सीरीज में अभिनय किया था। वैराइटी की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिप्स के परिवार में उनकी पत्नी जारा हैं। वयोवृद्ध अभिनेता की मृत्यु की पुष्टि उनके एजेंट जोनाथन लॉयड ने की। उन्होंने कहा कि उनका 'नींद में शांति से' निधन हो गया। वह पहले दो स्ट्रोक से बच गए थे। 'कैरी ऑन' सीरीज की सफलता के बाद फिलिप्स ने 'डॉक्टर इन द हाउस', 'टॉम्ब रेडर' और 'मिडसमर मर्डर्स' में अभिनय किया था। उन्होंने 1943 के द्वितीय विश्व युद्ध में रॉयल आर्टिलरी में सेकेंड लेफ्टिनेंट के



रूप में लड़ाई भी लड़ी थी, जिसने जर्मनी के शक्तिशाली वेहरमाच को हराया था। डेडलाइन के अनुसार, 1924 में जन्मे, फिलिप्स ब्रिटेन और अमेरिका में प्रसिद्ध हो गए थे। उनकी विशिष्ट आवाज के लिए उन्हें याद किया जाएगा। वैराइटी की रिपोर्ट के अनुसार, 'डॉक्टर' श्रृंखला में अपनी उपस्थिति के साथ, फिलिप्स को बीबीसी रेडियो कार्यक्रम 'द नेवी लार्क' में एक मूक अधिकारी के रूप में अपने 17 साल के कार्यकाल के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है, जिसे उन्होंने रोनी बार्कर और जॉन पर्टवे के साथ साझा किया था।

## ऋषि सुनक के मंत्री पर लगा सहयोगियों को धमकाने का आरोप, कैबिनेट से दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन में ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बने हुए अभी एक महीना भी नहीं हुआ है कि कैबिनेट से इस्तीफों का सिलसिला शुरू हो गया है। खबर है कि ब्रिटेन के मंत्री गैविन विलियम्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन पर अपने सहयोगियों को धमकाने का आरोप लगा है। प्रधानमंत्री सुनक ने उनके इस्तीफे को मंजूर कर लिया है। सुनक ने कहा है कि मैं समझ सकता हूं कि विलियम्सन ने यह फैसला क्यों लिया है।

सुनक की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि मैं मंत्री पद से पीछे हटने के आपके फैसले का समर्थन करता हूं। मैं समझता हूं कि आपने यह फैसला क्यों लिया। आपके व्यक्तिगत समर्थन और वफादारी के लिए आपको धन्यवाद।

**पहले भी बर्खास्त किए जा चुके हैं विलियम्सन**

इससे पहले भी गैविन विलियम्सन को पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों द्वारा कैबिनेट से बर्खास्त किया जा चुका है। उन्हें



रक्षा मंत्री और शिक्षा मंत्री रहते हुए पद से हटाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री टेरेसा मे के समय में विलियम्सन पर रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी को धमकाने का आरोप लगा था। तब विलियम्सन रक्षा सचिव थे। वहीं जब वह चीफ व्हिप थे तब उन पर भी कई आरोप लगे थे।

**सुनक की कैबिनेट से पहला इस्तीफा**

बता दें, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के तौर पर ऋषि सुनक को सत्ता संभाले हुए अभी करीब दो सप्ताह ही बीते हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने पहले कैबिनेट विस्तार में विलियम्सन को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था। हालांकि, दो सप्ताह के अंदर ही उनका इस्तीफा हो गया। यह सुनक की कैबिनेट से पहला इस्तीफा है। अपने त्यागपत्र में विलियम्सन ने लिखा कि वह अपनी पिछली भूमिकाओं में अपने सहयोगियों को धमकाने के आरोपों की जांच के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच के अनुपालन के लिए अपने पद को छोड़ रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## मेटा से 11 हजार कर्मचारी होंगे बाहर,

**नई दिल्ली।** ट्विटर के बाद अब सोशल मीडिया साइट की पेरेंट कंपनी मेटा ने बड़े पैमाने पर छंटनी करने का ऐलान किया है। मेटा ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि वह लागत को कम करने के लिए 11 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करेगी। मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग ने इस फैसले को कठिन बताते हुए कहा कि यह मेटा के इतिहास में सबसे कठिन बदलाव है।

## जलवायु शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने साधा चीन और अमेरिका पर निशाना

**शर्म-अल-शेख।** संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने मिस्र के शर्म-अल-शेख में चल रहे 27वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में चेतावनी देने के साथ साफ कहा कि पृथ्वी बचाने का यह आखिरी मौका है और सभी देशों को एकजुट होकर सहयोग की राह पर चलना होगा। सम्मेलन में भारत के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंता जताई।

संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा कि पृथ्वीवासी तेजी से अपनी जिंदगी की जंग हार रह रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों को लिए पृथ्वी को बचाने का यह अंतिम अवसर है। यदि हम अभी सहयोग न कर सके तो नरक में जलेंगे, क्योंकि अब आपसी सहयोग के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं है। दुनिया में सर्वाधिक प्रदूषण फैलाने वाले चीन और अमेरिका पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये देश उत्सर्जन में कमी लाकर मानवता को नष्ट होने से बचाएं।

उन्होंने साफ कहा कि सभी देशों को जलवायु के मसले पर एकजुट होकर समझौता करना चाहिए, क्योंकि सभी एक साथ आत्मविनाश के रास्ते पर चल ही रहे हैं। हर हाल में दुनिया को 2040 तक कोयला के इस्तेमाल से मुक्त करना होगा। उन्होंने दुनिया के सबसे अमीर और सबसे गरीब देशों के बीच एक समझौते का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन से संक्रमण में तेजी लाकर यह सुनिश्चित करना होगा कि गरीब देश उत्सर्जन कम करके जलवायु प्रभावों का सामना कर सकें।

सम्मेलन में भारत के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की दर को नियंत्रित करने के लिए जलवायु शमन की वैश्विक गति पर्याप्त नहीं है। इसके कारण पूरी दुनिया को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुनिया भर में बड़े पैमाने पर नुकसान का कारण बनने वाले प्राकृतिक खतरों को स्वीकार करने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन को लेकर 'सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी जारी करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के एजेंडे का पूरी तरह से समर्थन करता है।

ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार किसी विश्व मंच पर पहुंचे ऋषि सुनक ने जलवायु कोष के लिए 11.6 अरब पाउंड देने की ब्रिटिश प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि मौजूदा समय जलवायु परिवर्तन पर तेजी से कार्रवाई का समय है।

उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा में निवेश नई नौकरियों के साथ विकास का भी शानदार स्रोत है। रूस पर निशाना साधते हुए सुनक ने कहा कि यूक्रेन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन का घिनौना युद्ध और दुनिया भर में ऊर्जा की बढ़ती कीमतें भी जलवायु परिवर्तन पर तेजी से आगे बढ़ने का एक कारण है। विकासशील देशों को अनुचित ढंग से अमीर देशों के कार्बन उत्सर्जन के बोझ तले दबाने का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ऐसे देशों को उनका अपना स्वच्छ विकास का मार्ग दिखाने में मदद करने में विश्वास रखता है।

सम्मेलन की मेजबानी कर रहे मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी ने कहा कि मानवीय प्रयास किये बिना जलवायु परिवर्तन का संकट नहीं समाप्त हो सकता, क्योंकि दुनिया के पास अब बहुत कम वक्त बचा है। उन्होंने गरीब और अमीर देशों के बीच नए समझौते का प्रस्ताव रखा, जिसके तहत अमीर और विकसित देश 2030 तक उत्सर्जन खत्म करें और बाकी देशों को 2040 तक उत्सर्जन खत्म करने में मदद करें।